(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

पौलोमी दास परदे पर...8



मंगलवार, 07 सितंबर 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 262 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/—रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## नौसेना ने पसंदीदा सुरक्षा साझेदार होने के देश के दृष्टिकोण को रेखांकित किया : राष्ट्रपति


पणजी। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने सोमवार को यहां पास स्थित आईएनएस हंस पर एक रस्मी परेड में भारतीय नेवल एविएशन को 'राष्ट्रपति का ध्वज' (प्रेसीडेंट्स कलर) प्रदान किया और कहा कि संकट के समय में नौसेना की त्वरित एवं प्रभावी तैनाती ने हिंद महासागर क्षेत्र में 'प्रथम प्रतिक्रिया देने' और 'पसंदीदा सुरक्षा साझेदार' बनने के देश के दृष्टिकोण को रेखांकित किया है। इस अवसर पर नौसेना ने राष्ट्रपति को 'गार्ड ऑफ ऑनर' दिया। गोवा के तीन दिवसीय दौरे पर आए राष्ट्रपति ने नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह की मौजूदगी में नेवल एविएशन को 'राष्ट्रपति का ध्वज' प्रदान किया। पणजी से करीब 40 किमी दूर वास्को में स्थित आईएनएस हंस नौसैन्य अड्डे पर हुए इस कार्यक्रम को राष्ट्रपति ने संबोधित किया। इसमें गोवा के राज्यपाल पीएस श्रीधरन पिल्लई, मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत तथा अन्यअतिथि मौजूद थे। राष्ट्र की अद्वितीय सेवा के लिये किसी भी सैन्य इकाई को प्रदान किया जाने वाला 'राष्ट्रपति का ध्वज' सर्वोच्च सम्मान होता है। इस अवसर पर कोविंद ने कहा, ''भारतीय नौसेना ने सभी क्षेत्रीय प्रतिबद्धताओं को पूरा करने और हिंद–प्रशांत क्षेत्र में अपने



मित्रों एवं साझेदारों के साथ राजनयिक संबंधों को बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किए हैं।'' उन्होंने कहा कि भारत की कोविड–19 को लेकर मदद संबंधी पहुंच के लिए 'ऑपरेशन समुद्र सेतु' और 'मिशन सागर' जैसे अभियानों के साथ नौसेना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, उसने हिंद महासागर क्षेत्र में समुद्री पड़ोसियों और साझेदारों को सहायता पहुंचाई। राष्ट्रपति ने कहा, ''संकट के समय में भारतीय नौसेना की त्वरित एवं प्रभावी तैनाती ने 'पसंदीदा सुरक्षा साझेदार' और 'प्रथम प्रतिक्रिया' वाला देश बनने की भारत की सोच को रेखांकित किया है।'' उन्होंने कहा कि देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा के अलावा वह नौसेना की एक विशेष उपलब्धि को रेखांकित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, ''मुझे बताया गया कि भारतीय नौसेना ने स्वदेशीकरण को सक्रिय रूप से अंगीकार किया है। यह नौसेना की वर्तमान एवं भविष्य की अधिग्रहण योजनाओं में झलकता है जिसके पीछे स्वदेशीकरण की ताकत है।'' कोविंद ने कहा कि बल में महिलाओं को शामिल करने में भी नेवल एविएशन अग्रणी है। उन्होंने कहा, ''नेवल एविएशन में 150 हवाई यातायात नियंत्रण अधिकारियों में से करीब 84 अर्थात 50 फीसदी से अधिक महिलाएं हैं और 400 पर्यवेक्षकों में से 75 महिलाएं हैं। मुझे बताया गया कि महिला पायलटों को नेवल एविएशन में शामिल किया गया। यह एक स्वस्थ चलन है जिसे प्रोत्साहित करना चाहिए।'' राष्ट्रपति ने अनेक मानवीय सहायता एवं आपदा राहत अभियानों में नेवल एविएशन के योगदान की सराहना की। नौसेना के प्रवक्ता ने एक विज्ञप्ति में बताया कि भारतीय सशस्त्र बलों में भारतीय नौसेना को सबसे पहले यह सम्मान मिला था, जब भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने 27 मई, 1951 को उसे ध्वज प्रदान किया था। उसके बाद 'राष्ट्रपति का ध्वज' नौसेना के दक्षिणी कमान, पूर्वी कमान, पश्चिमी कमान, पूर्वी बेड़े, पश्चिमी बेड़े, पनडुब्बी इकाई, आईएनएस शिवाजी और भारतीय नौसेना अकादमी को भी प्राप्त हुआ। उन्होंने बताया कि भारतीय नेवल एविएशन उस समय अस्तित्व में आया, जब 13 जनवरी, 1951 को पहला सी–लैंड हवाई जहाज खरीदा गया तथा 11 मई, 1953 को पहला नौसेना हवाई स्टेशन आईएनएस गरुड़ का लोकार्पण किया गया था। आज, भारतीय नेवल एविएशन के पास नौ हवाई स्टेशन और तीन नौसेना वायु क्षेत्र हैं। ये सभी भारत की तटरेखा और अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह में स्थित हैं। पिछले सात दशकों के दौरान, नेवल एविएशन आधुनिक, प्रौद्योगिकी आधार पर उन्नत और अत्यंत सक्षम बल के रूप में विकसित हो चुका है। इस समय उसके पास 250 से अधिक युद्धक विमान हैं, जिनमें विमान वाहक पोतों पर तैनात लड़ाकू जहाज, समुद्र में टोह लेने वाले हवाई जहाज, हेलीकॉप्टर और दूर से यंत्र द्वारा चलाये जाने वाले हवाई जहाज शामिल हैं।

## फिरोजाबाद, मथुरा और आगरा जाएगी विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिए निर्देश

लखनऊ। राजधानी लखनऊ स्थित संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई), राममनोहर लोहिया अस्पताल (आरएमएल) और किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू)के विशेषज्ञ चिकित्ध्सकों की तीन टीमें डेंगू और वायरल बुखार से प्रभावित आगरा, फिरोजाबाद और मथुरा जाएंगी। विशेषज्ञों की टीम तीनों जिलों के अस्ध्पतालों में इलाज की प्रक्रिया देखेंगी और स्ध्थानीय चिकित्ध्सकों का मार्गदर्शन करेगी। सोमवार को अधिकारियों के साथ उच्ध्च स्ध्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एसजीपीजीआई, केजीएमयू और आरएमएल के तीन–तीन विशेषज्ञ चिकित्सकों की तीन टीम गठित कर फिरोजाबाद, मथुरा और आगरा भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक–एक मरीज की सेहत पर बारीकी से ध्यान दिया जाए। विशेषज्ञ चिकित्सकों की यह टीम स्थानीय डॉक्टरों का मार्गदर्शन कर मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध्ध करायेगी। बैठक के बाद सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि तीनों जिलों में इलाज के लिए स्ध्थानीय स्ध्तर पर चिकित्ध्सकों को युद्ध स्ध्तर पर तैनात किया गया है। फिरोजाबाद में डेंगू व अन्य वायरल बीमारियों की रोकथाम के लिए अतिरिक्त बिस्तर, चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, दवाइयां, जांच उपकरण आदि की व्यवस्था की गई है।




राज्ध्य सरकार ने मरीजों के इलाज और बीमारी से निपटने के लिए आवश्यकतानुसार सुविधाएं, दवाइयां और तकनीक का इस्ध्तेमाल बढ़ाने की निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रभावित जिले में मरीजों की स्थिति पर 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन द्वारा भी मरीजों और उनके परिजनों से संपर्क कर उनको मिल रहे इलाज और सुविधाओं की जानकारी लेने के निर्देश दिए गए हैं। प्रवक्ता के मुताबिक सरकार ने स्ध्वास्ध्थ्य विभाग और प्रशासन को लोगों को इस बात के लिए जागरूक करने के निर्देश दिए हैं कि बीमारी के हल्के लक्षण होने पर भी तत्काल निकटतम अस्पताल से संपर्क करें। पूरे अभियान पर खुद मुख्यमंत्री योगी नजर रख रहे हैं। इस बीच, फिरोजबाद में पिछले दिनों के मुकाबले रविवार को वायरल व डेंगू बुखार के प्रकोप में रविवार को कुछ कमी देखी गई। रविवार को डेंगू और वायरल बुखार से किसी की मौत नहीं हुई और मृतकों की संख्या 51 पर स्थिर थी। शनिवार तक इस बीमारी से जिले में 51 लोगों की मौत हुई थी। फिरोजाबाद मेडिकल कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉक्टर संगीता अनेजा ने रविवार देर शाम बातचीत में बताया था कि आज मेडिकल कॉलेज में वायरल व डेंगू बुखार के 105 नए मरीज भर्ती किए गए जबकि 60 मरीजों को ठीक होने के कारण अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। अब मेडिकल कॉलेज के विभिन्न वार्ड में 447 मरीज भर्ती हैं। डेंगू के 67 नमूनों की रैपिड किट से जांच की गई जिनमें से 50 संक्रमित पाए गए। उन्होंने बताया था कि 51 नमूनों की जांच एलिजा पद्धति से की गई जिनमें से 35 के संक्रमित होने की पुष्टि हुई। उन्होंने बताया कि पिछले 24 घंटे में मेडिकल कॉलेज में एक भी बच्चे की मौत नहीं हुई है और प्लेटलेट बढ़ने से भर्ती मरीजों की सेहत में सुधार हो रहा है। फिरोजाबाद में वायरल व डेंगू के प्रकोप से हुई मौतों को गंभीरता से लेते हुए जिले के मुख्ध्य विकास अधिकारी चर्चित गौड़ ने प्रशासन के अभियान में लापरवाही बरतने के कारण जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) नीरज कुमार को ग्राम पंचायत विकास अधिकारी दीपक यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश दिया था। गौरतलब हैं कि पिछले लगभग दो सप्ताह से वायरल बुखार और डेंगू का प्रकोप फिरोजाबाद जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 30 अगस्त को फिरोजाबाद पहुंचे थे और बीमारी से पीड़ित लोगों का हाल जानने के साथ–साथ इसे नियंत्रित करने के निर्देश दिए थे।

## अजेय हैं हमारे लड़ाके, खून की आखिरी बूंद तक लड़ेंगे, तालिबान के कब्जे के दावे पर गरजे पंजशीर के योद्धा

काबुल। तालिबान ने भले ही पंजशीर पर कब्जे का दावा किया है, लेकिन उससे लोहा लेने वाले नेशनल रेजिस्टेंस फोर्स के नेता अहमद मसूद ने इसे खारिज किया है। मसूद ने तालिबान के खिलाफ जंग जारी रहने की हुंकार भरते हुए कहा कि हम अजेय हैं और तालिबान के खिलाफ आखिरी बूंद तक हमारे लड़ाके जंग करेंगे। मसूद ने कहा कि मैं अपने खून की आखिरी बूंद तक तालिबान से लड़ता रहूंगा। उनका यह बयान तालिबान के दावे के कुछ घंटों के बाद ही आया है, जिसमें उसने कहा था कि पंजशीर पर उन्होंने कब्जा जमा लिया है। फेसबुक पेज पर जारी एक ऑडियो संदेश में मसूद ने कहा, श्हमारी फोर्सेज अब भी पंजशीर में मौजूद हैं और तालिबान के खिलाफ जंग जारी है।श इसके अलावा उन्होंने अफगानिस्तान के लोगों से भी तालिबान के खिलाफ जंग में साथ आने की अपील की थी। इससे पहले तालिबान लड़ाकों की ओर से पंजशीर घाटी के गवर्नर हाउस पर तालिबानी झंडा फहराने का वीडियो सामने आया था। तालिबान का कहना है कि उन्होंने पंजशीर पर कब्जा जमा लिया है और अब लड़ाई को रोका नहीं जाएगा। तालिबान के मुताबिक अहमद मसूद ने उनसे सीजफायर और समझौते का प्रस्ताव रखा था, जिसे उन्होंने खारिज कर दिया है। इसके अलावा अहमद मसूद ने पंजशीर की जंग में पाकिस्तान के भी शामिल होने का आरोप लगाया है। मसूद ने कहा कि पाकिस्तान की ओर से तालिबान को पंजशीर में मदद की जा रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय मूकदर्शक बना हुआ है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की मदद से ही तालिबान ने उनके परिवार के सदस्यों की हत्या कर दी थी। टोलो न्यूज के मुताबिक अहमद मसूद ने कहा, श्सभी देश पंजशीर में पाकिस्तान की संलिप्तता के बारे में जानते हैं, लेकिन चुप हैं। पाकिस्तान ने पंजशीर में सीधे तौर पर अफगानियों पर हमला किया है।श यही नहीं तालिबान की ओर से पहले के मुकाबले खुद के बदले होने के दावे को भी मसूद ने खारिज किया। उन्होंने कहा कि तालिबान तनिक भी बदला नहीं है। उसकी बजाय वह और कट्टर, उत्पीड़न करने वाला, अतिवादी और हिंसक हो गया है। इससे पहले नेशनल रेजिस्टेंस फोर्स के फेसबुक पेज पर कहा गया था, श्हमने दो प्यारे भाईयों और साथियों को खो दिया है। फासिस्ट ग्रुप से लड़ते हुए फहीम दश्ति की मौत हो गई है, जो आमिर साहेब अहमद मसूद के ऑफिस के हेड थे। इसके अलावा जनरल साहिब अब्दुल वदूद झोर की भी मौत हो गई है।श

## पाकिस्तानी झडे में गिलानी के शव को लपेटने पर FIR दर्ज किए जाने की हुर्रियत ने की निंदा

श्रीनगर। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के मीरवाइज उमर फारूक नीत धड़े ने कट्टरपंथी अलगाववादी नेता सैयद अली शाह गिलानी की पिछले हफ्ते मौत होने पर उनका शव पाकिस्तानी झंडे में लपेटने पर प्राथमिकी दर्ज किये जाने की सोमवार को निंदा की। गिलानी की मौत के बाद कथित राष्ट्र विरोधी नारे लगाने और उनका शव पाकिस्तान के झंडे में लपेटने के मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता तथा गैर कानूनी गतिविधियां रोकथाम कानून के विभिन्न प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। अधिकारियों ने पहले बताया था कि जब पुलिस शव को कब्जे में लेने के लिए गई, तब गिलानी के सहयोगियों ने झंडा हटा दिया था। लंबी बीमारी के बाद गिलानी की बुधवार रात यहां उनके आवास पर मौत हो गई थी। उनके शव को पास की एक मस्जिद के कब्रिस्तान में दफनाया गया। हुर्रियत की ओर से जारी वक्तव्य में कहा गया कि वह गिलानी के परिवार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की निंदा करता है। इसमें कहा गया, ''गिलानी के बेटे ने मीडिया को बताया कि अधिकारियों ने 92 वर्षीय नेता का शव अपने कब्जे में ले लिया और उसे परिवार की अनुपस्थिति में और उनकी जानकारी के बगैर ही दफना दिया। यह सुनकर बहुत ही दुख हुआ।यह अमानवीय है कि परिवार को अपने प्रियजन को दफनाने का अधिकार तक नहीं दिया जाए। परिवार पर क्या बीती होगी इसकी कल्पना की जा सकती है। इस कठोरता के बाद अब अधिकारी प्राथमिकी दर्ज करके, गिरफ्तार करने की धमकियां देकर परिवार को प्रताड़ित कर रहे हैं।'' हुर्रियत ने कहा कि ''अन्याय और दुख की इस घड़ी में कश्मीर के लोग गिलानी के परिवार के साथ खड़े हैं।



## कांग्रेस की आदिवासी अधिकार यात्रा पर बीजेपी सरकार ने उठाएं कई सवाल, कहा – कांग्रेस को निकालनी चाहिए प्रायश्चित यात्रा

भोपाल। मध्य प्रदेश में आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचार के खिलाफ कांग्रेस जन अधिकार यात्रा निकाल रही है। इस आदिवासी अधिकार यात्रा में शामिल होने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ बड़वानी पहुंच गए हैं। आपको बता दें कि आदिवासी यात्रा को लेकर प्रदेश के चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों को लेकर कांग्रेस ने हमेशा छलावा किया है। कमलनाथ ने आदिवासियों के हितों के लिए अभी तक कोई काम नहीं किया। उन्होंने कहा कि छिंदवाड़ा की सीट आदिवासी कोटे की रहती तो छिंदवाड़ा का ज्यादा विकास होता। उन्होंने कांग्रेस पर सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ खुलासा करें कि छिंदवाड़ा की सीट आदिवासियों के लिए रिजर्व क्यों नहीं की गई? कांग्रेस की कहानी प्रदेश में खत्म हो गई। कांग्रेस पार्टी को एक बार फिर विचार करना होगा और नकारात्मक विचार छोड़ सकारात्मक बनना पड़ेगा। इसी मुद्दे को लेकर नगरीय प्रशासन मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने आदिवासी अधिकार यात्रा पर कहा कि कांग्रेस को प्रायश्चित यात्रा निकालना चाहिए। कांग्रेस के कारण राजा महाराजा उद्योगपति राज करते रहे हैं।आदिवासियों के नाम पर ट्राइबल लीडरशिप को कांग्रेस ने खत्म करने का काम किया है।






## क्या दिल्ली की तरह उत्तराखंड में भी चलेगी मुफ्त वाली राजनीति ?

देहरादून। उत्तराखंड में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। ऐसे में तमाम पार्टियों ने चुनावी रणनीतियां बनाना शुरू कर दिया है। आम आदमी पार्टी ने तो सभी 70 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का ऐलान किया है और मुख्यमंत्री उम्मीदवार की भी घोषणा कर दी है। आम आदमी पार्टी ने उत्तराखंड में मुफ्त बिजली का वादा किया है।

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दावा किया था अगर पार्टी सत्ता में आई तो 300 यूनिट तक बिजली का बिल मुफ्त दिया जाएगा। उन्होंने कहा था कि दिल्ली अपने बूते बिजली नहीं पैदा करती है और दूसरे राज्यों से खरीदती है, बावजूद इसके दिल्ली में बिजली मुफ्त है। उत्तराखंड के लोगों को मुफ्त में बिजली नहीं मिलनी चाहिए ? हालांकि मतदाता क्या सोचते हैं इसका पता तो चुनाव बाद ही चलेगा।

भाजपा–कांग्रेस को होगा घाटाः उत्तराखंड विधानसभा चुनाव में आप की मौजूदगी से भाजपा और कांग्रेस को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। दिल्ली में आंधी की तरफ दूसरी पार्टियों उड़ा देने वाली आप ने उत्तराखंड को लेकर अपनी रणनीतियों को बना लिया है। दूसरे राज्यों से आंकलन किया जाए तो आप का बढ़ता प्रभाव कांग्रेस की सीटों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा रहा है और फिर भाजपा को। उत्तराखंड में तो हमेशा ही सत्ता परिवर्तन होता है, इसी आशंका के चलते भाजपा ने प्रदेश में दो मुख्यमंत्रियों को बदलकर पुष्कर सिंह धामी को मुख्यमंत्री बनाया, जिसे बेरोजगारी से जुड़े सवालों का सामना करना पड़ रहा है। उत्तराखंड की राजनीति में दो ही मुख्य पार्टियां हैं। कांग्रेस और भाजपा लेकिन



आप (।।च) भी अपना कद बढ़ाने का प्रयास कर रही है। कई मौकों पर ऐसी बात सामने आती है कि उत्तराखंड को बदलाव की जरूरत है। ऐसे में क्या दिल्ली की तरह ही आप उत्तराखंड में कमाल दिखा पाएगी ? क्योंकि दिल्ली के बाद पंजाब में पार्टी का प्रदर्शन काफी अच्छा रहा और अपनी उपस्थिति दर्ज करा पाई। जिसके बाद वह मुख्य विपक्षी पार्टी के तौर पर उभर कर सामने आई।

आप दिल्ली की तरह ही उत्तराखंड में भी सरकार बनाना चाहती है और भाजपा को सत्ता से उखाड़ फेंकने का सपना देख रही। तभी को अरविंद केजरीवाल अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की कोशिशों में जुटे रहते हैं। उन्होंने उत्तराखंड में पार्टी उम्मीदवार के तौर पर पूर्व सैनिक को चुना है क्योंकि यह राज्य सैन्य बहुत राज्य है।

कौन है आप का चेहरा ?

मुख्यमंत्री केजरीवाल ने उत्तराखंड में आप की कमान एक फौजी को सौंपी है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसा शख्स चाहिए जो अपना घर भरने की बजाय उत्तराखंड के लोगों के बारे में, यहां के विकास के बारे में और मां भारती के बारे में सोचे। बहुत बड़े स्तर पर लोगों ने कहा कि अब नेताओं और पार्टियों के भरोसे उत्तराखंड आगे नहीं बढ़ सकता है। ऐसे में पार्टी ने कर्नल अजय कोठियाल को मुख्यमंत्री उम्मीदवार घोषित किया। जिसके बाद उन्होंने केजरीवाल को इस जिम्मेदारी के लिए धन्यवाद कहा। लेकिन क्या वो केजरीवाल की उम्मीदों पर खरा उतर पाएंगे ? यह तो वक्त ही बताएगा।

नेता बदलेंगे पाला

जब पार्टियां नेताओं को टिकट नहीं देती है तो वह पाला बदल लेते हैं। चुनावों के दरमियां यह हमेशा देखने को मिलता है। ऐसे में उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के समय भी भाजपा–कांग्रेस के वो नेता जिन्हें टिकट नहीं मिलने वाला है या नहीं मिला है, आप की तरफ अपना रुख कर सकते हैं।

# युवक की मौत, पिता ने लगाया हत्या का आरोप

गोण्डा। दावत खाने के लिए घर से निकले दो युवक घायल अवस्था मे परसपुर थाना क्षेत्र के कस्बा बाजार में शनिवार की देर रात्रि में मिले। एक युवक की अस्पताल लाते समय रास्ते मे मौत हो गई। दूसरे युवक की हालत गम्भीर होने पर उस को लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। बस्ती जनपद के विक्रम जोत थाना क्षेत्र के विक्रम जोत छावनी बस्ती निवासी 25 वर्षीय विवेक सिंह पुत्र बृजेन्द्र सिंह और पट्टीदार के चचेरे भाई अभिषेक सिंह पुत्र नरेंद्र सिंह दोनो युवक घायल अवस्था मे परस पुर थाना क्षेत्र के कस्बा बाजार में पड़े हुए मिले। वहाँ से 108 एम्बुलेंस से पहले नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर लाया गया। वहाँ से जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। अस्पताल में पहुचते ही चिकित्सक ने विवेक सिंह को देखने के बाद मृत्यु घोषित कर दिया। अभिषेक सिंह को लखनऊ के लिए रेफर किया गया। मृतक विवेक सिंह के पिता बृजेन्द्र सिंह ने बताया कि मेरे बेटे की धारदार हथियार से हमला कर के हत्या की गई है। उस के शरीर पर चोट के निशान मिले है। मृतक के पिता ने कहा है कि मेरे बेटे के मोबाइल पर शनिवार के दिन एक युवक का फोन आया। दावत खाने के लिए उस को घर से बुला ले गया। दोपहर के बाद घर से निकले। इस के बाद घर लौट कर नही आये। रात्रि करीब 12 बजे गोण्डा की पुलिस ने फोन से घटना की जानकारी दिया और बताया कि दुर्घटना में आप के बेटे की मौत हो गई। घटना कैसे हुई ये नही बताया गया। उनका आरोप है कि उनके बेटे की धारदार हथियार से हमला कर के हत्या की गई है। पुलिस ने उस के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा गया है।

कही युवक की मौत, प्रेम प्रसंग में तो नही हुई: मृतक विवेक सिंह और उस के चचेरे भाई अभिषेक सिंह दोनो घायल अवस्था मे परस पुर कस्बा बाजार में पड़े हुए मिले थे। दोनो एक ही बाइक पर सवार होकर घर से निकले थे। परिजनों ने बताया कि अभिषेक सिंह की रिश्तेदारी भी है। परस पुर आटा में ही दावत खाने के लिए आये थे। एम्बुलेंस को एक युवती ने ही फोन कर के बुलाया था। घायल अवस्था मे उस के साथ अस्पताल तक आई थी। मृतक युवक आर्मी की तैयारी कर रहा था: मृतक विवेक सिंह के पिता ने बताया कि उस का पुत्र आर्मी में भर्ती होने के लिए तैयारी कर रहा था। इस के लिए वह काफी दिनों से तैयारी कर रहा था। जल्द ही परीक्षा देकर आया था।

# शिक्षक दिवस पर सम्मानित हुए गुरूजन, डीएम ने 75 शिक्षकों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

गोण्डा। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस पर बीते वर्षों में शिक्षण क्षेत्र में उल्लेखनीय काम करने, बच्चों में पढ़ाई के प्रति ललक पैदा करने और कोरोना काल में ऑनलाइन क्लास के संचालन में योगदान देने वाले 75 शिक्षकों को जिला पंचायत सभागार में डीएम मार्कण्डेय शाही व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सूरज पटेल द्वारा अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी 75 जनपदों में 75–75 उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने का निर्णय लिया गया जिसके क्रम में .जनपद स्तर पर जिला पंचायत सभागार में डीएम द्वारा 75 शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

दीप प्रज्वलित कर एवं पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण के उपरान्त बतौर मुख्य अतिथि जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज की दशा और दिशा तय करते हैं। वे अपने ज्ञान के माध्यम से बच्चों में नैतिकता, राष्ट्र प्रेम व कुछ कर गुजरने का जज्बा भरने का काम करते हैं। ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्एसडीएम सदर सूरज पटेल ने कहा कि माता–पिता और शिक्षक दुनिया के सबसे बड़े मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि बेसिक शिक्षा नींव मजबूत करने का काम करती है तो वहीं माध्यमिक शिक्षा बच्चों का वास्तविक चरित्र निर्माण का कार्य करती है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने विगत चार वर्षों में माध्यमिक शिक्षा के उन्नयन को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए कार्यों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि विगत चार वर्षों में सरकारी कालेजों में 73 अध्यापकों तथा अनुदानित विद्यालयों में 53 शिक्षकों की नियुक्ति की गई है तथा शीघ्र ही 21 संस्कृत विद्यालयों में अध्यापकों की नियुक्ति की जाएगी।

## स्वच्छ गोण्डा,हरित गोण्डा अभियान के तहत महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों द्वारा "मैराथन दौड का किया आयोजन

गोण्डा। सरस्वती देवी नारी ज्ञानस्थली पी0जी0 कालेज गोण्डा के तत्वाधान में "स्वच्छ गोण्डा , हरित गोण्डा" अभियान के तहत महाविद्यालय की छात्राओं, शिक्षिकाओं एवं कर्मचारियों द्वारा "मैराथन दौड " का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ का शुभारम्भ महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 अरती श्रीवास्तव द्वारा झण्डा दिखाकर किया गया। दौड़ गांधी पार्क से प्रारम्भ होकर अम्बेडकर चौराहे पर समाप्त हुई। अम्बेडकर चौराहे पर महाविद्यालय के कर्मचारी श्री अरविन्द कुमार पाठक एवं राम अचल यादव ने मैराथन दौड के सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया तथा अल्पाहार कराया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्या डा0 अरती श्रीवास्तव ने "स्वच्छ गोण्डा हरित गोण्डा " अभियान के तहत अपने विचार प्रकट किये तथा इस अभियान को सफल बनाने के लिये सभी को प्रेरित किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्या डा0 आरती श्रीवास्तव, व्यवस्थापिका डा0 आनन्दिता रजत, श्रीमती रंजना बन्धु, डा0 नीलम छाबड़ा, डा0 मौसमी सिंह, डा0 सीमा श्रीवास्तव, डा अमिता श्रीवास्तव, डा0 नीतू सिंह, डा0 मनीषा पाल, डा0 आशू त्रिपाठी, श्रीमती गीता श्रीवास्तव, डा0 स्मृति शिशिर, श्रीमती किरन पाण्डेय, डा0 विनोद यादव, श्रीमती प्रतिभा गुप्ता, श्रीमती सुनीता मिश्रा, मंगली राम, मनोज सोनी, दिनेश मिश्रा, कृष्ण कुमार, ननकू, संतोष, रमेश आदि उपस्थित रहें।

# भारत की संस्कृति व राष्ट्रवाद की विचारधारा पर सपा ने चलायी थी गोलियां: स्वतंत्रदेव सिंह

## प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कांग्रेस व सपा को निशाने पर लिया

अयोध्या। मारवाड़ी सेवा सदन में आयोजित महानगर प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने कांग्रेस व सपा को निशाने पर लिया। उन्होने कहा कि कभी इंदिरा गांधी ने संसद का घेराव कर रहे संतो पर गोलियां चलायी थी। सपा ने रामभक्तों पर गोलियां चलायी। यह गोलियां भारत की संस्कृति व राष्ट्रवाद की विचारधारा पर चली थी। उन्होने कहा कि पूरे भारत की राम में आस्था है। यहां कण कण में राम है। आजादी के बाद बनी कांग्रेस सरकार ने राम के अस्तित्व को नकार दिया। कांग्रेस सरकार के दौरान सोनियां गांधी ने रामसेतु को नहीं माना। आजादी के बाद शंकराचार्य की गिरफ्तारी हुई। हिन्दू आंतकवाद जैसा शब्द गढ़ा गया। खुद को हिन्दू कहने व मंदिर जाने में ये शर्म महसूस करते थे। यह सब वोट बैंक के कारण होता है। इसी कारण से अभी कल्याण सिंह को श्रद्धांजलि देने व तेरहवीं संस्कार से भी सपा का कोई नेता नहीं गया। उन्होने कहा कि डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी जब काश्मीर जा रहे थे तो लोगो ने उन्हें रोका था। काश्मीर पहुंचने पर उनकी गिरफ्तारी हुई और शहादत भी हुई। इसके बाद जिम्मेदारी पंडित दीनदयाल उपाध्याय के कंधो पर आयी। उनकी हत्या हो गयी। अटल जी ने जिम्मेदारी सम्हालते हुए जब 1980 में भाजपा की नींव रखी तथा इसके बाद चुनाव में पार्टी की दो सीटें आयी तो उन्होने कहा कि अंधेरा छटेगा, कमल खिलेगा। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश अपराध व भ्रष्टाचार मुक्त हो गया है। अब अगर कोई गरीब की झोपड़ी पर कब्जा करने का प्रयास करता है तो उसके घर पर बुलडोजर चलता है। जेल में रहने वाले गुंड़े भी अब डरते है। यूपी में अब साम्प्रदायिक दंगे नहीं होते। जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अयोध्या में मंदिर का भूमि पूजन कर रहे थे तो एक भी पत्ता नहीं हिला। सरकार अगर हिन्दू को मकान देती है तो मुस्लिम को भी। हम दोनो मिलकर इस देश का विकास करें। दंगे की बात नहीं सौहार्द की बात करें। स्वागत भाषण देते हुए सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि केन्द्र में 2014 की सरकार बनने के बाद देश में राष्ट्रवाद का माहौल बना। गरीबों व मजदूरों के प्रति सरकार समर्पित है। सरकार की उपलब्धियों को को जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि अयोध्या को विश्वस्तरीय नगरी बनाने के लिए सरकार कटिबद्ध है। सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि योजनाओं का लाभ शत प्रतिशत गरीबों को मिल रहा है। कार्यक्रम का समापन महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर विधायक बाबा गोरखनाथ, युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महामंत्री वैभव सिंह, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, आलोक सिंह रोहित, महंत राजकुमार दास, प्रो एलके सिंह श्रीनिवास अग्रवाल, सुप्रसिद्ध चिकित्सक डा अनुराग बाजपेयी, शिक्षक नेता धीरेन्द्र सिंह, सतीश चंद तिवारी, डा ओम प्रकाश सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य शीतला प्रसाद, डा वीके सिंह, विश्वनाथ तिवारी, अरुण अग्रहरि, डा अनिल सिंह, राजेश कुमार यादव समेत बड़ी संख्या में प्रबुद्ध जन मौजूद रहे।

## रास्ते के विवाद में चार महिलाओ को पीटा

गोण्डा। कर्नल गंज कोतवाली क्षेत्र के बदली पुर गांव के निवासी 35 वर्षीय मदीना खातून पत्नी अब्दुल हलीम 33 वर्षीय अखतरुन निशा पत्नी करीमोदीन 40 वर्षीय निराला बानो पत्नी सलीमुद्दीन 15 वर्षीय मुस्कान पुत्री अलीमुद्दीन को मार पीट कर घायल कर दिया गया। इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अखतरुन निशा ने बताया कि रास्ते के विवाद को लेकर मार पीटा गया है।

## जनपद के आफताब थे ओम प्रकाश श्रीवास्तव

जौनपुर। सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी के तत्वावधान में श्रवंजलि सभा का आयोजन किया गया। अध्यक्षता करते हुए समाजवादी चिंतक वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि ओम प्रकाश बचपन से ही आरएसएस से चलकर समाजवाद की राह पकड़ी। वह अपने स्वभाव को प्राप्त कर लिए थे वे उत्तर प्रदेश की सरकार में कैबिनेट चिकित्सा शिक्षा मंत्री रहे। मुख्य अतिथि बीएचयू के प्रोफेसर डॉ0 आर एन सिंह ने कहा उनके सहजता सरलता विद्वता , कार्यकुशलता के सभी कायल थे वह जनपद के आफताब थ विशिष्ट अतिथि डॉ. पी सी विश्वकर्मा ने कहा वह गरीबों मजदूरो मजलूमो की आवाज थे संघर्ष में कई बार आंदोलनों में जेल भी गए। वीरेंद्र सिंह डिफाल्टर ने कहा कि उनका वास्तविक मूल्यांकन नहीं हो पाया समाज में व्यक्ति का जो व्यक्तिगत आचरण है वही उसका राजनीतिक प्रतिबिंब है ।आदित्य प्रसाद उपाध्याय ने कहा वह चंद्रशेखर के साथ–सार्थ आचार्य नरेंद्र देव कृपलानी का भी सानिध्य रहा। अशोक श्रीवास्तव ,जीतेंद्र उपाध्याय ने कहा वह जनपद के गौरव थे। गिरीश श्रीवास्तव गिरीश ने कहा उनका साहित्य कला में भी बहुत ज्यादा गहन रुचि थी ।संचालन सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने किया। उनके पुत्र मनोज श्रीवास्तव एडवोकेट ने कहा कि जिस तरह आप सब आज दुखद घड़ी में हमारे साथ हैं मेरा हौसला बनाए हुए हैं आगे भी आप लोग हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। डॉ0 संजय सिंह, सागर प्रवीण कुमार शुक्ला, हरिकेश यादव, विष्णु कुमार तिवारी, सुशील दुबे, राजकुमार पांडे, मृगांक शेखर श्रीवास्तव, प्रियम कमलाकांत सिंह, देवेंद्र नाथ राय एडवोकेट आनंद प्रेम धन सरोज सभा नारायण चतुर्वेदी हिमांशु उपाध्याय आदि मौजूद रहे। आयोजक पूर्व अध्यक्ष बाल न्यायालय सचिव संस्था श्री संजय उपाध्याय ने आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# किसान नौजवान विरोधी है योगी सरकार: नरेश उत्तम पटेल

## किसानों को नहीं मिल रहा अपनी उपज का उचित मूल्य

अयोध्या। किसान नौजवान विरोधी हैं उत्तर प्रदेश की योगी सरकार उक्त उद्‌गार समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने बीकापुर विधानसभा अंतर्गत विकासखंड सोहावल के अरकुना चौराहा स्थित पटेल मैरिज लान पर बीकापुर विधानसभा के पूर्व विधायक आनंद सेन यादव के नेतृत्व में खेत, खलियान, कुटीर उद्योग बचाओ, रोजगार दो, किसान, नौजवान पटेल यात्रा के स्वागत एवं आयोजित सभा में व्यक्त किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता बीकापुर विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल एवं ध्संचालन समाजवादी पार्टी के जिला उपाध्यक्ष एवं बीकापुर विधानसभा प्रभारी एजाज अहमद ने किया. नरेश उत्तम पटेल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पूरे प्रदेश का किसान और नौजवान उत्तर प्रदेश की वर्तमान सरकार को बदलने का मन बना चुका है, उत्तर प्रदेश की सरकार के पिछले चार साल में एक रुपए भी गन्ने का दाम नहीं बढ़ाया है वहीं दूसरी ओर दूसरे किसानों को अपनी उपज का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है, नौजवान बड़ी संख्या में बेरोजगार घूम रहे हैं भाजपा सरकार ने अपने घोषणा पत्र में नौजवानों को रोजगार देने का वादा किया था लेकिन वह भी एक जुमला साबित हुआ है सरकार की कथनी और करनी में अंतर है इसीलिए उत्तर प्रदेश की जनता आने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने जा रही है। आनंद सेन यादव ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पिछले पांच साल से क्षेत्र का विकास ठप हो गया है पिछली सरकार में अखिलेश यादव द्वारा बीकापुर विधानसभा के सोहावल क्षेत्र को ढेमुवा पुल की सौगात मिली थी जिससे लोगों को बहुत बड़ी राहत मिली साथ साथ सोहावल क्षेत्र में पुल की वजह से व्यापार भी बढ़ा है इस सरकार में एक भी योजना क्षेत्र वासियों को नहीं मिली है। कार्यक्रम में, समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष गंगा सिंह यादव, पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा जिला उपाध्यक्ष एजाज अहमद, ईश्वर लाल वर्मा, प्रवक्ता चौधरी बलराम यादव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष राशिद जमील, युवजन सभा के जिला अध्यक्ष जय सिंह यादव, पूर्व जिला पंचायत सदस्य साहब लाल यादव, वरिष्ठ नेता बाबू रामचंद्र यादव, वरिष्ठ नेता रामचेत यादव, समाजवादी पार्टी के सेक्टर प्रभारी नरेंद्र यादव, राजेश कुमार यादव, जगजीवन पटेल, संतोष शर्मा, चंद्र प्रकाश यादव, मोहम्मद सलीम खान, ओम प्रकाश वर्मा, अयोध्या प्रसाद वर्मा, सत्रोहन वर्मा, राजकिशोर यादव, शिव वरदान वर्मा, श्री प्रकाश वर्मा, शुभम वर्मा, अमृत लाल वर्मा, अनिल कुमार वर्मा, अवधेश गोस्वामी, अंगद यादव, शाहरुख पठान, इमरान अहमद, अवधेश गोस्वामी, अशोक यादव, सुखराम वर्मा, दिलीप पटेल, संजय वर्मा, शिवमंगल वर्मा, दिलीप वर्मा, अमरेंद्र वर्मा, रवींद्र वर्मा, मंशाराम वर्मा, जयराम वर्मा, सुशील वर्मा, विकास वर्मा, राम सुभावन वर्मा, विजय यादव, केसरी वर्मा, राम लखन वर्मा, नदीम खान, रामविलास वर्मा, राजकुमार वर्मा, प्रेम प्रजापति, राजेश प्रजापति, दुर्गेश वर्मा, बसंत लाल चौरसिया, जनक लाल चौरसिया, मोहम्मद असलम, नकक्षेद रावत, राजकुमार चौरसिया ,हरिश्चंद्र धोबी, चेतराम पाल, राजेश यादव, शोभनाथ यादव, दीपक यादव सहित बड़ी संख्या में समाजवादी पार्टी के नेता कार्यकर्ता और किसान मौजूद रहे।

## नोडल अधिकारी ने जिला अस्पताल, कोविड हॉस्पिटल, महिला अस्पताल और नगर के मोहल्ला तोपखाना का किया औचक निरीक्षण

गोण्डा। शासन से नामित जिले की नोडल अधिकारीध्सचिव बेसिक शिक्षा उ0प्र0 श्रीमती अनामिका सिंह ने जिला अस्पताल, एल 2 कोविड हास्पिटल, जिला महिला चिकित्सालय तथा नगर की साफ–सफाई, सैनिटाइजेशन व फागिंग का हाल व फीडबैक लेने के लिए नगर के तोपखाना मोहल्ले का निरीक्षण किया तथा वहां पर मोहल्ले के लोगों से बात कर सच्चाई जानने का प्रयास किया। जिला अस्पताल में पहुंचकर उन्होंने सबसे पहले पीआईसीयू वार्ड का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान वार्ड में 02 बच्चे भर्ती थे। प्रथम तल पर स्थपित डेंगू वार्ड का भी निरीक्षण कर तैयारियों को देखा गया। निर्देश दिए कि डेंगू से बचाव को लेकर लोगों को जागरूक करने के साथ ही आवश्यक तैयारियां दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। अस्पताल परिसर में 01 हजार एलपीएम व 500 एलपीएम क्षमता के ऑक्सीजन प्लांटों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओटी, प्री डिलीवरी रूम, प्रसव कक्ष पोस्ट डिलीवरी वार्ड आदि का निरीक्षण किया। इसके बाद वे नगर क्षेत्र में साफ–सफाई व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए मुहल्ला पहुंचीं। वहां पर उन्होंने ईओ नगर पालिका को निर्देशित किया कि जिला प्रशासन से समन्वय बनाकर कूड़ा निस्तारण हेतु प्लांट लगाने के लिए जमीन की उपलब्धता सुनिश्चित करा लें ताकि समय से कूड़ा निस्तारण की उत्तम व्यवस्था हो सकें।

## अस्पताल के विरूद्ध जांच हेतु कमेटी गठित

गोण्डा। ग्राम बटौरा बख्तावर सिंह कोतवाली करनैलगंज निवासी संदीप सिंह पुत्र महावीर के शिकायती पत्र पर डीएम मार्कण्डेय शाही ने नगर के सुधा न्यूरो एण्ड ट्राम सेन्टर, निकट फातिमा हॉस्पिटल सरकुलर रोड के विरूद्ध मजिस्ट्रेटी जांच के आदेश दिए हैं। डीएम ने नगर मजिस्ट्रेट, सीएमओ, प्रमुख अधीक्षक जिला चिकित्सालय तथा सीओ सिटी की चार सदस्यीय संयुक्त जांच कमेटी बनाते हुए 03 दिन के अन्दर जांच रिपोर्ट मांगी है। बताते चलें कि शिकायतकर्ता ने डीएम से शिकायत की कि उसकी मां के इलाज में गंभीर लापरवाही बरतने के साथ ही डेथ मेमो में गलत तथ्यों का उल्लेख किया गया तथा सही तथ्यों को अंकित करने की मांग करने पर हास्पिटल संचालक तथा स्टाफ द्वारा शव रोके रखा गया तथा परिजनों के साथ अभद्रता की गई। इस पर डीएम ने संज्ञान लेते हुए जांच समिति गठित कर 03 दिन के अन्दर जांच रिपोर्ट मांगी है।

# जनप्रतिनिधि से लेकर कार्यकर्ता तक बनेंगे पन्ना प्रमुख: राधामोहन सिंह

## भाजपा प्रदेश प्रभारी ने अयोध्या महानगर के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

अयोध्या। बूथ मैनेजमेंट क्या होता है। हर मतदाता को ध्यान में रखकर चुनाव में विजय का प्लेटफार्म कैसे तैयार किया जाता है। जनपद अयोध्या पहुंचे भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह महानगर के करिअप्पा मंडल में आने वाले सिविल लाईन सेक्टर की में बैठक विस्तार से इसकी जानकारी ली। पदाधिकारियों पर उन्होने सवालों की बौछार कर दी।

कई ऐसे सवाल थे जिन पर पदाधिकारी सोचने पर मजबूर हो गये। बैठक में भाजपा प्रदेश प्रभारी राधामोहन सिंह ने हर बूथ पर युवाओं, बुजुर्गो, महिलाओं का आंकड़ा पूछा। जातीय समीकरण की भी उन्होने जानकारी चाही। बूथ की ग्रेडिंग भी पूछी तथा किस प्रकार सी ग्रेड के बूथ को बी तथा बी ग्रेड के बूथ को ए परिवर्तित किया जा सकता है। इसके प्लान के बारें में जानकारी हासिल की। पन्ना प्रमुखों के कार्यो तथा बूथ में रहने वाले परिवारों तथा उनसे सम्पर्क व संवाद की प्रक्रिया को पदाधिकारियों से पूछा। बूथ व सेक्टर कमेटी की सक्रियता व पदाधिकारियों के द्वारा संगठन को दिये जाने वाले समय के बारे में भी उन्होने जानकारी हासिल की।

पन्ना प्रमुख जनप्रतिनिधि से लेकर कार्यकर्ता तक बनाये जायेंगे। वहीं पन्ना प्रमुख बनेंगे जिनका उस पन्ने पर नाम होगा। उन्होने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशासित तथा राष्ट्रहित सर्वोच्च की विचारधारा से प्रेरित होता है। हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है। महापौर ऋषिकेश उपाध्याय ने कहा कि अयोध्या को विश्व पयर्टन का केन्द्र बनाने के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार ने योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति को मिल रहा है। महानगर जिलाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि कोविड काल के दौरान भाजपा के कार्यकर्ताओं ने अपनी जान जोखिम में डालकर जरुरतमंदों की सेवा की। जिसकी सराहना आज भी हो रही है। इस अवसर पर मंडल प्रभारी दिव्य प्रकाश तिवारी, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, मंडल महामंत्री रमेश पाण्डेय व वीरेन्द्र वर्मा, मण्डल उपाध्यक्ष जय प्रकाश श्रीवास्तव, सिविल लाईन सेक्टर के संयोजक जयनारायन सिंह रिंकू, प्रभारी सुशील मिश्रा बब्लू, बूथ अध्यक्ष पुरुषोत्तम पाण्डेय मौजूद रहे।

# विकास और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर लड़ेंगे चुनाव

उन्नाव। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि प्रदेश में एक बार फिर भाजपा सरकार बनाएगी। वह विकास और कानून व्यवस्था के मुद्दे पर चुनाव लडेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सपा के पूर्व मंत्री द्वारा की गई टिप्पणी पर कहा कि यह सपा के संस्कार हैं। आज जो लोग टिप्पणी कर रहे हैं उन्होंने ही प्रदेश को लूटा है। स्वतंत्रदेव सिंह शहर के कब्बाखेड़ा स्थित एक रिसार्ट में पूर्व एमएलसी स्व अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे।

सपा सरकार में मंत्री रहे मनोज पांडेय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर टिप्पणी की थी। जिसमें उन्होंने पीएम मोदी को नटवरलाल कहा था। पूर्व मंत्री की टिप्पणी पर स्वतंत्रदेव सिंह ने कहा कि समाजवादी पार्टी ने अपने नेताओं को यही संस्कार दिए हैं।

जो समाजवादी पार्टी के बड़े नेता हैं, पूर्व मंत्री हैं वह प्रधानमंत्री के लिए अपशब्दों का प्रयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा की सोच क्या है यह जनता जानती है। आज जो लोग प्रधानमंत्री पर टिप्पणी कर रहे हैं उन्होंने ही प्रदेश में लूट मचाई।

उन्होंने केंद्र सरकार और प्रदेश सरकार के कामों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सभी वर्गों के लिए काम कर रही है। गरीबों की जो आवश्यकताएं हैं उन्हें वह उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यक्रम में शामिल हुए प्रधानों से स्वच्छता के प्रति और अधिक जागरुक होने की अपील की। कहा कि, मोदी और योगी के आने के बाद गांव की खुशहाली बढ़ी है। गांव प्रगति कर रहे हैं। गांव का विकास हो सके इसके लिए प्रधानों को सीधे पैसा दिया जा रहा है।

हम सांप्रदायिक नहीं, सभी वर्गों के लिए करते हैं काम

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कार्यकर्ताओं से सरकार का निर्माण होता है। राष्ट्रवादी सोच से दल चलता है। भाजपा की सरकार में अनुच्छेद 370 खत्म हुआ, राम मंदिर निर्माण की नींव रखी गई। देश का सम्मान बढ़ा है। विदेशों में भारत माता की जय के नारे लगते हैं। उन्होंने कहा कि वह सांप्रदायिक नहीं है। सभी वर्गों के लिए काम कर रहे हैं।

## मेधावी छात्रों का किया सम्मान, दिव्यांगजनों को दी ट्राइसाइकिल

उन्नाव। शहर के कब्बाखेड़ा स्थित अरोड़ा रिसार्ट में पूर्व एमएलसी स्व अजीत सिंह की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। यहां उनके चाहने वालों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा मेधावी छात्रों का सम्मान, दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल वितरण और रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्रदेव सिंह ने हाईस्कूल व इंटर के मेधावी छात्र छात्राओं को सम्मानित कर उनका हौसला बढ़ाया। उन्होंने पूर्व एमएलसी स्व अजीत सिंह की पत्नी व जिला पंचायत अध्यक्ष शकुन सिंह की मौजूदगी में इंटर के 22 और हाईस्कूल के 20 छात्रों को प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न दिए। इसके अलावा उन्होंने सात दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल भी दी। रिसार्ट में ही रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। जहां 22 युवाओं ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में भाजपा जिलाअध्यक्ष राजकिशोर रावत, पुरवा विधायक अनिल सिंह, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संगीता सेंगर, बांगरमऊ विधायक श्रीकांत कटियार, शशांक सिंह सनी राष्ट्रीय महामंत्री युवा मोर्चा वैभव सिंह शिवेंद्र सिंह ( गोलु ) प्रतीक सिंह , नीशू सिंह, कुश सिंह ,लव सिंह नवीन मीरा, मौजूद रहे।

# कोई परिवार नहीं रहेगा भूखा: विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह

दिलीप श्रीवास्तव/
दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। मलंग चौराहे पर सोमवार को डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने 300 बाढ़ प्रभावित परिवारों में राशन किट वितरित किया और उनका कुशलक्षेम जाना द्यविधायक के हाथों राशन किट पाकर ग्रामीण बहुत खुश नजर आये और उन लोगों ने नरेन्द्र मोदी जिन्दाबाद, योगी आदित्यनाथ जिंदाबाद, राघवेंद्र सिंह जिंदाबाद का नारा लगाते हुए बोले कि जब से मोदी और योगी की सरकार आयी है आम जनमानस खुशहाल है द्यविधायक डुमरियागंज राघवेंद्र सिंह ने भी लोगों से बात की और इस बात के लिए आश्वस्त किया कि कोई भी परिवार भूखा नहीं सोयेगा,उन्होंने मुसीबत की इस घड़ी में साथ होने का भरोसा दिलाते हुए कहा कि इससे पहले भी बाढ़ आयी थी लेकिन अन्य पार्टियों की सरकारों ने मदद के नाम पर केवल कोरम पूरा करने का काम किया था, जबकि आज जो राशन किट बाढ़ पीड़ितों को मिल रहा है उसे एक आदमी उठाकर नहीं ले जा सकता है और पारदर्शिता के लिए बोरे के अंदर रखी खा। सामग्री का पूरा विवरण बोरे के ऊपर नाम सहित लिखा हुआ है द्यविधायक ने आगे अपनी बात बढ़ाते हुए कहा कि मैं हमेशा आप लोगों के साथ हूँ और जरूरत पड़ने पर हम आगे भी इसी तरह आप लोगों की मदद करते रहेंगे द्यइस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि भनवापुर लवकुश ओझा, डुमरियागंज प्रधान संघ अध्यक्ष सुनील पाठक, कोतवाल डुमरियागंज शैलेश सिंह, विश्वामित्र तिवारी, राजेश द्विवेदी, विवेक सिंह, आदि सहित लाभार्थी व भारी संख्या में स्थानीय सम्मानित जनता उपस्थित रही।



# जनपद में बदहाल है राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय की व्यवस्था

## सुविधा शुल्क लेकर दे रहे है सरकार की योजनाओं का लाभ, पीड़ित ने एसडीएम से की शिकायत

दैनिक बुद्ध का सन्देश
शोहरतगढ़/सिद्धार्थनगर। भले ही प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी जिले का भ्रमण कर सरकार की महत्वपूर्ण योजनाओं से लोगों की मदद कर रहे हो, लेकिन शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में ऐसे भी गैरजिम्मेदार अधिकारी है, जो सरकार की योजनाओं में लीपा पोती कर धन उगाही में लगे हुए है।मामला शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र के पल्टादेवी स्थित राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय से जुड़ा हुआ है। ग्राम पंचायत पलटादेवी निवासी समाजसेवी अनिल चौधरी ने उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ से मामलें की शिकायत करते हुए लिखा है क्षेत्रवासियों की सुविधा हेतु ग्राम पंचायत में राजकीय होम्योपैथिक चिकित्सालय खुला हुआ है, वहां तैनात डॉक्टर जहाँगीर अंसारी द्वारा अस्पताल में आये मरीजों से 10 रुपये से लेकर 100 रुपये तक शुल्क लेते है।

दावा यह भी किया जा रहा है कि डॉ स्वयं पैसा लेने की पुष्टि कर रहा है। शिकायत कर्ता द्वारा यह भी आरोप लगाया गया कि वे लोगों से पक्षपात पूर्व व्यवहार कर इलाज करते है।यही नही शोहरतगढ़ तहसील क्षेत्र में दर्जनों मानक के विपरीत कार्य कार्य कर रहे है। जनता पिसती है उसकी खबर लेना वाला कोई नही है।

शिकायत पर जांच तो होती लेकिन कार्यवाही के नाम पर खाना पूर्ति? यह भी लोगों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। उक्त के सन्दर्भ में अधीक्षक पीके वर्मा ने बताया कि मामले की जानकारी नही है। शिकायत के आधार पर निश्चित तौर पर कार्यवाही होगी। बहरहाल मामले की गंभीरता को देखते हुए जब जिलाधिकारी दीपक मीणा जी से बात कोशिश की गई, तो उनसे संपर्क नही हो सका।

# सर्वे अभियान के लिए प्रशिक्षित हुई आशा बहु

## भनवापुर ब्लाक सभागार में आयोजित हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर।

दैनिक बुद्ध का सन्देश



भनवापुर। सोमवार को भनवापुर ब्लाक सभागार में मंगलवार से चलाए जाने वाले टीकाकरण सर्वे अभियान के लिए आशा बहुओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षंण के दौरान अधीक्षक डॉ शैलेन्द्र मणि ओझा ने उपस्थित अशा बहुओं तथा संगीनिओं को बताया कि सात सितम्बर से सोलह सितम्बर तक चलने वाले अभियान के तहत सभी लोग गांव में घर घर जा कर दिमागी बुखार,डेंगू,या अन्य बुखार,गर्भवती महिलाओं,तथा कोविड टीकाकरण के लिए बचे हुए लाभार्थियों का सर्वे कर बीमार मिलने वाले लोगों को तत्काल,पीएचसी पर रेफर कर इलाज के लिए प्रेरित करें जिससे बीमारियों को बढ़ने से बचाया जा सके।बीसीपीएम मैराज अहमद ने कहा कि बाढ़ तथा बारिश के बाद गांवो में जल जनित बीमारीयों की संभावना बढ़ गयी है आप लोग गांव में लोंगो को स्वच्छता के लिए, गर्म पानी पीने तथा गंदा पानी इकट्ठा ना होने दें इसके लिए जागरूक करें तथा शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए प्रेरित करें ।इस मौके पर बीएमसी यूनीसेफ दिलीप मिश्रा,ध्रुव चंद्र, कुशलावती, माया मिश्रा,रीता देवी,बबिता शुक्ला आदि उपस्थित रही।

# छात्रसभा के संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

## मनोनयन पत्र देकर पदाधिकारियों को किया गया मनोनीत

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। स्थानीय शुभम पैलेस में समाजवादी छात्रसभा की बैठक संपन्न हुई। जिसमें समाजवादी छात्रसभा के मजबूती व संगठन विस्तार पर विस्तार से चर्चा हुई। जिलाध्यक्ष विष्णु उमर ने कार्यकर्ताओं को 22 में बाइसकिल व राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान छात्रसभा जिला कार्यकारिणी का संगठन विस्तार किया गया। जिसमें अवी श्रीवास्तव,अंश सिंह श्याम करन यादव को जिला सचिव, अखिलेश यादव, प्रशांत उपाध्याय को ब्लॉक अध्यक्ष, रामस्वरूप पांडे जिला कार्यसमिति सदस्य, महेश यादव विधानसभा अध्यक्ष, संतोष यादव विधानसभा उपाध्यक्ष पद पर मनोनयन पत्र देकर मनोनीत किया गया।इस दौरान प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शशांक सिंह, जिलाध्यक्ष विष्णु उमर, जिला उपाध्यक्ष मो० शहजाद, जिला सचिव वकार मोइज खान, राहुल यादव, नागेश्वर मिश्र,अरबाज, विजय यादव आदि मौजूद रहे।



# ब्लॉक परिसर में आपदा से बचाव हेतु दिया प्रशिक्षण

## नौगढ़ ब्लॉक परिसर में सम्पन्न हुआ कार्यक्रम

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। जिलाधिकारी दीपक मीणा की पहल पर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा सोमवार को विकास खंड नौगढ़ में बाढ़ से पूर्व की तैयारी व प्रतिक्रिया विषयक प्रशिक्षण दिया गया। उक्त प्रशिक्षण बीडीओ संगीता यादव व एडीओ (पं०) अमरेश यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।प्रशिक्षण में एन. डी. आर.एफ. टीम द्वारा बाढ़ से बचाव, रोड एक्सीडेंट, चोट लगने पर क्या प्राथमिक उपचार देना चाहिए, इसके बारे में भी बताया गया, सर्पदंश, भूकंप से निपटने के तरीको के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान एन डी आर एफ की संरचना एवं कार्यशैली व आपदा प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया, तत्पश्चात मास्टर प्रशिक्षकों द्वारा बाढ़ जैसी आपदा से बचाव के लिए आपदा से पूर्व, दौरान और बाद में अपनाई जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी तथा बाढ़ के दौरान जीवन सुरक्षा हेतु स्थानीय संसाधनों से निर्मित रक्षक जैकेट बनाने का तरीका, सांप काटने पर दीये जाने वाले प्राथमिक उपचार तथा भूकंप, भूस्खलन जैसी आपदाओं में घायल हुए व्यक्तियों को अस्पताल से पूर्व चिकित्सा के बारे में बताया गया। आपदा के दौरान या सामान्य जीवन में चोट लगने पर प्राथमिक उपचार जैसे ड्रेसिंग, बैंडेज, खून का बहाव रोकना, फैक्चर को स्थायित्व प्रदान करना, जीवन रक्षक सीपीआर का प्रशिक्षण, घायल व्यक्ति को एंबुलेंस या हॉस्पिटल तक ले जाने के लिए घरेलू सामानों के द्वारा स्ट्रेचर बनाने का तरीका, डूबे हुए व्यक्ति को प्राथमिक उपचार देने का तरीका, आकाशीय बिजली से बचने का तरीका बताया गया। इस दौरान मुकेश कुमार, अनुपम शेखर तिवारी सलाहकार आपदा प्रबंधन सिद्धार्थनगर, ग्राम पंचायत अधिकारी, राजस्व निरीक्षक और लेखपाल आशा वर्कर, सखी, आंगनवाड़ी व ब्लॉक स्तर के अन्य कार्मिक शामिल रहे।



# प्रोन्नत होने पर त्रिलोकपुर पुलिस परिवार ने मिष्ठान खिलाकर किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश
इटवा/सिध्दार्थनगर। सोमवार को त्रिलोकपुर थाने पर नियुक्त मुख्य आरक्षी राम सुरेश सिंह व मुख्य आरक्षी शुभकरन यादव को सेवाओं के आधार पर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वरिष्ठता सूची के आधार पर उप निरीक्षक पद पर प्रमोशन किया गया। प्रमोशन होने पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉक्टर यशवीर सिंह ,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुरेश चंद्र रावत व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज अजय कुमार श्रीवास्तव के द्वारा दोनो लोगो के उज्जवल भविष्य की कामना किया गया ।वही रणधीर कुमार मिश्रा प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर द्वारा सोमवार को दोनो लोगों के प्रथम बार स्टार धारण करने पर मिष्ठान वितरण कर उप निरीक्षक राम सुरेश सिंह व उपनिरीक्षक शुभकरन यादव को सम्मानित किया गया। और नए आरक्षियो को इनसे प्रेरणा लेने हेतु बताया गया।



# ग्राम सभा पुरैना में स्वागत समारोह का हुआ आयोजन,

दैनिक बुद्ध का सन्देश
खुनियाँव/सिद्धार्थनगर। खुनियाँव ब्लॉक के ग्राम सभा पुरैना में राजेन्द्र प्रसाद धुरिया, विजय ,मुन्ना तथा मनोज कुमार धुरिया के नेतृत्व में नव निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष (अनुसूचित जनजाति मोर्चा) गोंडवाना गणतंत्र पार्टी उत्तर प्रदेश उमाशंकर गोंड का भव्य स्वागत समारोह किया गया ।इस दौरान जनजातीय विकास तथा शिक्षा व्यवस्था समाज में युवाओं को आगे लाने के लिए समस्त सगा जनों को संबोधित किए , और आगे की रणनीति को दृष्टिगत रखते हुए राजा शंकर शाह रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस को भव्य कार्यक्रम में पहुंच कर सफल बनाने हेतु चर्चा की गई। कार्यक्रम का अध्यक्षता आदरणीय मुरली धर धुरिया प्रदेश संरक्षकगोंडवाना गणतंत्र पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा ने किया । सबकादल यूनाईटेड के बस्ती मंडल प्रभारी रामनरेश लोधी ने गोंडवाना संस्कृति के अग्रिम धरोहर विरशा मुंडा को याद करते हुए , समाज में कैसे चेतना लाया जाए जैसे आवश्यक विषयो पर विचार मंथन किया गया।



# भाजपा के नवनिर्वाचित पदाधिकारी हुए सम्मानित





दैनिक बुद्ध का सन्देश
डुमरियागंज/सिद्धार्थनगर। सोमवार को डुमरियागंज विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह ने डुमरियागंज नगर पंचायत सभागार में भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी द्यभारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नरेत्तव द्वारा डॉ संजय गौतम को अनुसूचित जाति मोर्चा का जिलाध्यक्ष, विश्वामित्र तिवारी को जिला संयोजक सहयोग, आपदीय राहत, और सेवा विभाग, पवनसुत मौर्य को दिव्यांग प्रकोष्ठ का जिला संयोजक, अशोक अग्रहरि को व्यापार प्रकोष्ठ का संयोजक, लवकुश ओझा को जिला संयोजक सहकारिता विभाग, गौरव मिश्रा को भारतीय जनता युवा मोर्चा का जिलाध्यक्ष बनाया गया है द्यविधायक राघवेंद्र सिंह ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि हमें विश्वास है कि आप सभी के सामूहिक प्रयासों से संगठन और अधिक मजबूती से निरंतर लोगों की सेवा में जुटा रहेगा और आप सभी लोगों की अगुआयी में सिद्धार्थनगर में भाजपा और अधिक मजबूत होगी वा नए कीर्तिमान रचेगी । इस अवसर पर अभय राम पाण्डेय, अजय पाण्डेय, नीरज मणि त्रिपाठी, नरेन्द्र मणि त्रिपाठी, रमेश पाण्डेय, उदय शंकर श्रीवास्तव, अमरनाथ सिंह, राजकुमार चौधरी, राजू पाल, रामदास, रमेश सोनी, नामित सभासद राजीव अग्रहरि, संजय मिश्रा, विनय पाठक, अमरेंद्र त्रिपाठी, संतोष पासवान, माकेश्वर पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय, कमलेश पासवन, कंचन पाठक आदि सहित भाजपा वा हिन्दू युवा वाहिनी के पदाधिकारी और कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# बर्बाद हुए फसलों का तत्काल मुआवजा दे सरकार:सुरेश चंद्र यादव

दैनिक बुद्ध का सन्देश
भनवापुर। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव नें डुमरियागंज तहसील प्रशासन से बाढ से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मांग की है,उन्होंने कहा है कि लगातार भारी बारिश व नदी जलस्तर बढनें से किसानों के फसल लगभग 15 दिनों से जलमग्न हैं,गांवों में जाने व गांवों से निकलने वाले रास्तों में पानी भरा हुआ है,जिससे लोग घरों से जरूरत के सामान लेने बजार तक पहुचनें में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,क्षेत्र में लगातार बाढ का संकट बना हुआ है जिससे किसानों की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है,सूचना है कि कई गांवों में बाढ की वजह से घर भी गिर गए हैं,नुकसान हुए फसलों व जिनके घर गिरे हैं,यथा सीघ्र सर्वेक्षण कराकर लोगों को मुआवजा दिलाने का कार्य करें,साथ ही निस्पक्ष भाव से राहत सामग्री किट वितरण कराने व बाढ प्रभावित गांवों में दवा वितरण कराने का कार्य कराया जाए। इस दौरान शाहजहां, अजय यादव, ई रामफेर यादव विधानसभा 306 डुमरियागंज ,अंशू,नफीस अहमद, कुलदीप पांण्डेय, दयाराम आदि लोग मौजूद रहे।

# ग्राम पंचायत असिधवा में अभी नही हुआ पंचायत सहायक की नियुक्त:रामविलास पासवान

दैनिक बुद्ध का सन्देश
मिश्रौलिया/सिद्धार्थनगर। ग्राम सभा असिधवा पंचायत सहायक की नियुक्ति हेतु ग्राम सभा में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम पंचायत अधिकारी व अन्य लोगो की उपस्थिति में खुली बैठक संपन्न हुई। कुल आवेदनों की संख्या 06 है। , जिसमें 02 आवेदनकर्ता निशा श्रीवास्तव पुत्री स्व0 राम नारायन लाल (मृत्यु कोविड–19 के कारण) व अमर कुमार जिनके बड़े भाई स्व0 अंकित श्रीवास्तव (मृत्यु कोविड–19 के कारण ) हुई थी। सभी आवेदनकर्ताओं के मेरिट की एंव कागजात की जॉच व तुलना की जा रही है अभी तक किसी की नियुक्ति नही हुई। आपको बताते हैं कि रविवार को मानवीय भूल बस दैनिक बुद्ध का संदेश समाचार पत्र में निशा श्रीवास्तव पुत्र स्वर्गीय राम नारायण लाल श्रीवास्तव का चयन ग्रामसभा पंचायत सहायक के रूप में छप गया था लेकिन जब इसके बारे में ग्राम प्रधान, ग्राम पंचायत अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी से वार्ता किया गया तो बताया गया अभी तक किसी की भी नियुक्ति नहीं हुई है अभी सभी के कागजात की जांच चल रही है। किसी ने अफवाह उड़ा दिया है की नियुक्ति हो गई है। जो गलत है। ग्राम पंचायत अधिकारी रामविलास पासवान ने बताया कि जो भी नियुक्ति पंचायत सहायक के रूप में होगी वह निष्पक्ष एंव सत्य के आधार पर होगी जिसका मेरिट सभी मानक को पुरा करेगाा उसी की नियुक्ति होगी। ग्राम सभा में दो मामले कोविड़ 19 के भी है जिसको ध्यान में रखा जा रहा है।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में सराहनीय योगदान देने पर सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर । दिनांक 10 –07– 2021 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में उत्तर प्रदेश राज्य द्वारा 12 लाख से अधिक प्रकरणों का निस्तारण किए जाने पर संपूर्ण भारत वर्ष में उत्तर प्रदेश को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ था स उत्तर प्रदेश राज्य के अन्य समस्त जनपदों की तुलना में लंबित प्रकरणों का सर्वाधिक निस्तारण किए जाने पर जनपद सिद्धार्थनगर को उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ स जनपद सिद्धार्थनगर में पुलिस विभाग के द्वारा लंबित प्रकरणों के निस्तारण में सराहनीय योगदान दिए जाने के कारण राष्ट्रीय लोक अदालत के पुलिस विभाग के नोडल अधिकारी सुरेश चंद्र रावत अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर को उनके द्वारा किए गए अथक परिश्रम व अमूल्य योगदान के लिए प्रमोद कुमार शर्मा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरणध् जिला एवं सत्र न्यायाधीश सिद्धार्थनगर द्वारा दीपक मीणा जिला मजिस्ट्रेट सिद्धार्थ नगर डॉ यशवीर सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ नगर की उपस्थिति में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया



# किसकी सत्ता कौन है सेवक,ग्रामीणों ने ऐसा कह कर, कांग्रेसी नेताओं का दिल जीता



दैनिक बुद्ध का सन्देश
सिद्धार्थनगर। लगातार बारिश के बाद कुंडा, घोंघी,राप्ती, नदियों में बढे जल स्तर कई गांव के जनमानस को तबाह और बर्बाद कर दिया है आदमी को कौन कहे जानवर भी चारे के अभाव में मरने को मजबूर है। तमाम गांव की जनता चारों तरफ से घिरीहुई है, जनता गांव से निकल नहीं पा रही है साग और सब्जी को तरस रही है, जिसमें तमाम नेता जो समाज सेवा करते चले आए हैं वह आज भी मैदान में मैंरूड गांव का दौरा जनता का हाल–चाल लिया अपने गांव में दलित नेता दिनेश कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष कांग्रेश अनिल सिंह अन्नू बाबू, सूर्यनाथ निषाद, सेक्टर प्रभारी राधेश्याम यादव,नागर चौहान, रियासत अली दीनानाथ चौहान, भूपेंद्र त्रिपाठी को पाकर जनता निहाल हो गई और बच्चे नारा लगाने लगे किसकी सत्ता सेवक कौन, दिनेश कुमार वर्मा ने बच्चों के हौसला को देखते हुए तत्काल बच्चों और ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा मैं टिकट या सत्ता का लोभी नहीं। पिछले दो दशक से कपिलवस्तु की जनता की सेवा कर रहा हूं। यही अजिगरा, ताल नटवा, हर साल यज्ञ, शादी विवाह में आता रहता हूं आज जब आप लोग परेशान और मजबूर हैं सत्ता में बैठे लोग आपका कुशल क्षेम नहीं पूछने आ रहे हैं तो हम तो जनसेवक हैं आज आ गए हैं और लगातार भी आते रहेंगे अगर ईश्वर ने सेवा का मौका दिया तो कुछ ऐसा प्रबंध करूंगा कि आपके गांव को जलभराव की संकट से उबार सकु, बगहिया, ताल नटवा, लाऊ खाई, पनियहवा, हाथिवडताल चौबाहे,रेहरवा सेखुई फतेहपुर आज गांव के लोगों ने संकट की घड़ी में कांग्रेसी नेताओं को पाकर संतोष व्यक्त किया।

# नगरवासियों ने सुबास सिंह के नेतृत्व में एसडीएम हाटा को ज्ञापन सौंपा

दैनिक बुद्ध का सन्देश
हाटा/कुशीनगर। विगत कुछ दिनों से हो रही विद्युत विभाग द्वारा रोस्टर के अंतर्गत कटौती से नगर पंचायत सुकरौली सहित आसपास के क्षेत्रों में आमजन को पर्याप्त बिजली नही मिल पा रही हैं ।साथ ही उमस भरी गर्मी में बिजली की मांग और ओवरलोड के कारण फाल्ट की समस्या से भी विगत कई महीनों से आमजन को जूझना पड़ रहा है। ऐसे ही एक समस्या लो बोल्टेज तथा कमजोर हो गए,बिजली के तारो को बदलने की मांग को लेकर सुकरौली में विशुनपुर उर्फ ठूठी चौराहे से लेकर तितिला चौराहे तक के लोगो ने उपजिलाधिकारी हाटा को ज्ञापन देते हुए समस्या के निस्तारण की मांग की है। नगर पंचायत गठन को लेकर सुकरौली कस्बे के लोगों में शहरी सुविधा की आस जगी की साफ–सफाई से लेकर बिजली पानी की बेहतर सहूलियत मिलेगी ।जबकि नगर पंचायत गठन अस्तित्व में आने के बावजूद भी प्रशासन के ढुलमुल रवैया के कारण आज भी नवसृजित नगर पंचायत सुकरौली के लोग पूर्ववत स्थिति से गुजर रहे हैं। नगरवासियों ने विद्युत सब स्टेशनों पर चक्कर काटते काटते थक हार कर विद्युत व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए उपजिलाधिकारी हाटा को ज्ञापन सौंपे इस दौरान सुबास सिंह, नंदलाल जायसवाल, प्रदीप जायसवाल,रविन्द्र गुप्ता, रीता देवी, रामसागर जायसवाल,सतीश शर्मा आदि मौजूद रहे।

# योगी सरकार का गड्ढा मुक्तकरने की घोषणा खोखला

अनंत मिश्रा/दैनिक बुद्ध का सन्देश
उसका बाजार। प्रदेश सरकार द्वारा सड़को को गड्ढा मुक्त करने का आदेश दिया गया था। वर्तमान में यह घोषणा खोखला साबित हो रहा है। उक्त बातें क्षेत्र के ग्राम सुगही के मूलतः निवासी गोरखपुर के वरिष्ठ सपा नेता एवं मीडिया प्रभारी डॉ. अम्बरीष कुमार मालवीय ने कही। श्री मालवीय ने कहा कि सिद्धार्थनगर जनपद के लोग बाढ़ की त्रासदी को झेल रहे है। उसका बाजार को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क एवं उसका धानी मार्ग से सुगही गांव के लिए जाने वाली सड़क इस समय काफी बदहाल है। इस सड़क से चलना काफी मुश्किल भरा काम है। आये दिन इन सड़कों पर दुर्घटना होती रहती है। सरकार अपने वादे को अविलंब पूरा करे।

# सम्पादकीय

**हमें आसन्न संकट को दृष्टिगत रखते हुए नीतियों का निर्धारण करना होगा। इसके लिये जरूरी है कि वर्ष 2019 में घोषित केंद्र सरकार के नेशनल क्लीन एयर कार्यक्रम को कारगर ढंग से आगे बढ़ाया जाये, जिसमें देश के सर्वाधिक प्रदूषण से प्रभावित 102 शहरों में बीस से तीस...**

## उम्र घटाता प्रदूषण

एक अमेरिकी शोध समूह का निष्कर्ष उस धारणा की पुष्टि करता है, जो बताती है कि देश में प्रदूषण जानलेवा साबित हो रहा है। यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो के एनर्जी पॉलिसी इंस्टीट्यूट द्वारा किये गए अध्ययन में बताया गया है कि कुछ शहरों में वायु प्रदूषण भारतीयों की जीवन प्रत्याशा को नौ साल तक कम कर सकता है। कह सकते हैं कि वायु प्रदूषण से सबसे अधिक प्रभावित लोग अपनी जीवन प्रत्याशा को तेरह प्रतिशत अधिक खो सकते हैं। उम्र में कमी के अलावा लोग कई तरह के असाध्य रोगों की भी चपेट में आ जाते हैं, जिसका दंश उन्हें सालों–साल भुगतना पड़ता है। फलतरू परिवारों को भावनात्मक व आर्थिक संकट भी झेलना पड़ता है। यह अध्ययन स्मरण कराता है कि भारत में गंगा के मैदानी इलाकों के शहरों में करीब 48 करोड़ लोग जिस प्रदूषित वातावरण में सांस ले रहे हैं, उसका स्तर यूरोप व उत्तरी अमेरिकी की तुलना में कई गुना अधिक है। निस्संदेह, समय–समय पर सामने आने वाले तथ्यों के दृष्टिगत नागरिकों व नीति–निर्माताओं को इसे खतरे की घंटी मानते हुए सजग हो जाना चाहिए। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में देश के लोगों की जीवन प्रत्याशा में आशातीत वृद्धि हुई है। दुनिया में बहुचर्चित मेडिकल जर्नल लैंसेट के अनुसार वर्ष 1990 और 2019 के बीच भारत में जीवन प्रत्याशा 59.6 से बढ़कर 70.8 हुई है। हालांकि यह प्रत्याशा राज्यों के स्तर पर अंतर रखती है। यह भी हकीकत है कि दुनिया में वायु प्रदूषण से होने वाली मौतों में एक बड़ा हिस्सा भारत का भी है। वहीं संयुक्त राष्ट्र का अनुमान है कि वर्ष 2100 तक भारतीयों की जीवन प्रत्याशा 81 वर्ष होगी। लेकिन यह भी हकीकत है कि बेहतर जीवन के लिये हमें प्रदूषण की समस्या का कारगर समाधान तलाशना होगा। हालांकि, यूनिवर्सिटी ऑफ शिकागो की रिपोर्ट का आकलन वर्ष 2019 की स्थिति पर आधारित है, ऐसे में हवा में पीएम कणों की मौजूदा स्थिति का आकलन करके नीतियों का निर्धारण करने की जरूरत है क्योंकि अब प्रदूषण महाराष्ट्र और मध्यप्रदेश आदि को भी चपेट में लेने लगा है। दरअसल, हमें इस संकट को गंभीरता से लेना होगा क्योंकि हर सांस हमें भीतर से कमजोर कर रही है। खासकर बच्चों व सांस के रोगों से पीडिघ्त लोगों के लिये यह बेहद चिंताजनक स्थिति है। हमें फिक्र होनी चाहिए कि स्विस ग्रुप आईक्यू एयर द्वारा वर्ष 2020 में जारी रिपोर्ट में राष्ट्रीय राजधानी को लगातार तीसरी बार दुनिया की सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी घोषित किया गया था। जिस जगह देश की रीति–नीति के निर्धारक बैठते हैं वहां प्रदूषण का यह आलम है तो शेष देश की कौन फिक्र करेगा? निस्संदेह, प्राकृतिक परिवेश में अंधाधुंध हस्तक्षेप से यह स्थिति पैदा हुई है। बीते साल देशव्यापी लॉकडाउन के दौरान देश की हवा के स्वच्छ होने से इस बात की पुष्टि होती है। मौसम के मिजाज में आया बदलाव भी प्रदूषण के स्तर को बढ़ाता है। जैसे दिल्ली में ठंड की शुरुआत में स्मॉग यानी गहरी धुंध इसकी बानगी दिखाती है, जिसमें निकटवर्ती राज्यों में जलायी जाने वाली पराली की भी भूमिका होती है। लेकिन इस संकट से उबरने के लिये राज्य व केंद्र सरकार ने आधे–अधूरे प्रयास ही किये। जरूरत इस बात की है कि सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा दिया जाये ताकि वाहनों से होने वाला प्रदूषण कम हो। निर्माण गतिविधियों को नियंत्रित किया जाये तथा औद्योगिक इकाइयों की जवाबदेही तय की जाये। हालिया रिपोर्ट हमारी आंखें खोलने वाली है।

## भक्ति के उफान में डूबते मुद्दे

सहीराम

इधर बिजली–पानी देने के वादे तो चाहे पहले की तरह पूरा जोर लगाकर न किए जाते हों, लेकिन हर बस्ती, हर गांव में विकास की गंगा बहा देने के वादे की तरह ही हर पार्क और हर संस्थान में तिरंगा लगाने के वादे अब पूरे जोर–शोर से अवश्य किए जाने लगे हैं। बिजली–पानी के वादों में कोई देशभक्ति नहीं होती है न, सो वे अब दूसरे वादों जैसे ही हो गए हैं। उनमें न आक्रामकता रही और न ही कोई ताजगी। देशभक्ति का जैसा जोश तिरंगा फहराने के वादे से आता है, वह जोश बिजली–पानी के वादे में कहां। भ्रष्टाचार विरोधी अन्ना हजारे की रैलियों में भी उतने तिरंगे नहीं फहराए गए होंगे, जितने इन दिनों फहराए जा रहे हैं।

भ्रष्टाचार मिटाने के वादे तो चाहे न किए जा रहे हों, लेकिन हर जगह आकाश छूते तिरंगे झंडे फहराने के वादे जरूर किए जा रहे हैं। ऐसे में सिर्फ आकाश छूती मूर्तियां ही इन तिरंगों का मुकाबला कर सकती हैं। फिर पंद्रह अगस्त के आसपास तो तिरंगे वैसे भी चौराहों पर बिकने लगते हैं। कुछ जलकुकड़ों का कहना है कि चौराहों पर बिकने वाले ये तिरंगे चीन से आते हैं, वैसे ही जैसे दीवाली पर रोशनी की लडियां और लक्ष्मी–गणेश की मूर्तियां आती हैं। ये तिरंगे बड़ी–बड़ी गाडियों से लेकर रिक्शाओं तक पर लगे होते हैं। यह बारिश में भीगने और पतंगें उड़ाने की ही तरह तिरंगे फहराने वाली देशभक्ति का भी सीजन होता है।

लेकिन इस बार देशभक्ति ऐसी उमड़ी है कि सिर्फ तिरंगे फहराए ही नहीं गए, तिरंगा यात्राएं भी निकाली गयीं। सबने निकाली। इसने भी निकाली और उसने भी निकाली। एक–दूसरे के धुर विरोधियों ने निकाली। और तो और पिछले आठ–नौ महीनों से आंदोलन कर रहे किसानों ने भी निकाली। उन्हें लगा होगा कि इससे पहले कि कोई उन पर चीन और पाकिस्तान का समर्थक होने का आरोप लगा दे, उन्हें अपनी देशभक्ति साबित कर देनी चाहिए। सो उन्होंने खूब तिरंगा यात्राएं निकाली।

हालांकि छब्बीस जनवरी की तरह इस बार किसी के भूलकर लालकिला पहुंचने का कोई चांस नहीं था क्योंकि इस बार बड़े–बड़े कंटेनर लगाकर घेराबंदी की गयी थी। लेकिन वे दूध के जले थे, सो उन्होंने छाछ भी फूंक–फूंककर ही पी। खैर, तिरंगा यात्राओं ने माहौल में देशभक्ति का ऐसा जोश भरा कि तिरंगा यात्राएं निकालने वालों में असली और नकली वालों जैसी भिड़ंत हो गयी।

वे एक–दूसरे से नक्कालों से सावधान रहने जैसी चेतावनियां देने लगे। एक–दूसरे को फेक बताने लगे। अपने असली होने के दावे वैसे ही किए जाने लगे जैसे असली देसी घी की जलेबी की कई दुकानें अपने को असली बताया करती हैं और दूसरों को नकली।

## राष्ट्रीय संपत्तियों को निजी खिलाडियों के हाथों देना भाजपा की नीति का हिस्सा ?

**ऐसी परिस्थितियां आज नहीं हैं ।भारत सरकार जब विनिवेश से 6 लाख करोड़ जुटाना चाहती है और उसी काल में वह लालकिले से 110लाख करोड़ की योजनाओं की घोषणा भी कर देती है ।यानि यह स्पष्ट है कि यह विनिवेश किसी वित्तीय दायित्व की पूर्ति के लिये नहीं किया जा रहा प्रतीत होता। न ही विनियोजन के उद्देश्य से। शायद मात्र निजीकरण की अवधारणा की हठधर्मी को पुष्ट करने के लिये ही ऐसा ...**

–भूपेन्द्र गुप्ता

भारत में विनिवेश हमेशा से ही विमर्श का विषय रहा है। विभिन्न परिस्थितियों में देश की माली हालत को देखते हुए विनिवेश के कई कारण रहे हैं ।एक तो उन संस्थाओं का विनिवेश किया गया जो पूरी तरह से करदाता के ऊपर घाटा पैदा कर रही थी और वे संस्थाएं घाटे से उबर पाने में सफल नहीं हो पा रहीं थी। दूसरा विनिवेश अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियों और नीतिगत कारणों से किया गया। क्या आज यह दोनों परिस्थितियां उपस्थित हैं ?अगर नहीं तो भारत की जनता के मन में घुमड़ता यह सवाल जायज लगता है कि आखिर विनिवेश जिसे अब खुद सरकार विक्रय कहने लगी है क्यों जरूरी है? 1990 में जब रूस का विघटन हुआ था तब व्यापार में हमारी मुद्रा परिवर्तन एक्सचेंज उन्हीं के साथ जुड़ा था और इस कारण भारत को व्यापार में दिक्कतें आईं ।1990 में ही खाड़ी युद्ध ने हमारी परिस्थितियां और विकराल कर दीं। तब भारत में विदेशी मुद्रा का भंडार मात्र 3 हफ्ते के आयात के लायक ही शेष था। तत्कालीन चंद्रशेखर सरकार अपने वित्तीय दायित्व पूरा करने के लिए रुपए का अवमूल्यन करने के लिए विवश हुई और दो तरफा डेफिसिट की समस्या खड़ी हुई। चंद्रशेखर सरकार फरवरी में अपना बजट भी पेश नहीं कर सकी और भारत की बॉन्ड रेटिंग को मूडी ने एकदम गिरा दिया । विश्व बैंक और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने हमें सहायता देना बंद कर दिया ।तब चंद्रशेखर सरकार को भुगतान संतुलन के लिए देश के सोने को गिरवी रखना पड़ा था ।1991–92 में जो सरकार बनी वह नरसिम्हा राव की सरकार थी । आईएमएफ और विश्व बैंक से लोन लेने के लिए हमें स्ट्रक्चरल रिफॉर्म करने पड़े और इन हालातों में भारत को विदेशी निवेश का रास्ता विनिवेश के रूप में खोलना पड़ा । राज्य की पब्लिक सेक्टर यूनिट्स में विनिवेश करना पड़ा। विनिवेश की इस प्रक्रिया को मजबूरन धारण करना हमारी विवशता थी। एयर इंडिया ,बीएसएनएल, एमटीएनएल जबरदस्त घाटे में चल रहे थे ।इसकी कीमत टैक्सपेयर को चुकानी पड़ रही थी। अटल बिहारी बाजपेयी सरकार ने तो एक विनिवेश मंत्रालय का ही निर्माण कर डाला था,अरुण शौरी जिसके मंत्री थे ।उस दौरान ज्यादातर सरकारी होटल्स बेच डाले गये। जिनके मूल्यांकन पर शिवसेना से इतना विवाद हुआ कि बाजपेयी को इस्तीफे की धमकी तक देनी पड़ी थी। उसके बाद मनमोहन सरकार ने आते ही विनिवेश मंत्रालय को खतम कर दिया,इस दौरान बैंकिंग क्षेत्र में खूब भर्तियां हुईं और सरकारी बैकों का करोबार बढ़ा। नरेन्द्र मोदी सरकार ने आते ही पुनरू विनिवेश मंत्रालय तो नहीं बनाया किंतु बिकवाली के लिये षविनिवेश एवं सार्वजनिक संपत्ति प्रबंधन विभागष का निर्माण कर दिया ।इससे लगता है कि परिसंपत्तियों को निजी खिलाडियों के हाथों में देना भाजपा की नीति का हिस्सा है ।शायद इसीलिये मुनाफा कमाने वाले संस्थान भी मोनेटाईज हो रहे हैं। आज क्या परिस्थिति है,इसे कैसे समझें? सभी 257 पीएसयू का वित्तीय वर्ष 16–17 में शुद्ध मुनाफा 127602 करोड़ था जो कि 2015–16 के 114236 करोड़ के मुकाबले 11.7 फीसद अधिक था ।जिससे जो घाटे में घाटा हो रहा था वह भी घटकर 25045 करोड़ तक रह गया था जो कि 2015 के 39758 करोड़ से 18.58 फीसदी कम है ।आज मात्र तेल क्षेत्र से ही सरकार ने लगभग 25 लाख करोड़ की कमाई की है।,जी एस टी संग्रह बढने का दावा खुद सरकार कर रही है ।अर्थव्यवस्था में 20 फीसदी के उछाल की घोषणा सरकार ने ही कर दी है ।तब मात्र 6 लाख करोड़ जुटाने के लिये लाभ में चल रहे संस्थानों की संपत्ति बेचने की आवश्यकता क्यों है?यह सवाल अब भी खड़ा हुआ है। 1991 से 2020 तक 30 साल में कुल 482709 करोड की परिसंपत्तियों का विनिवेश किया गया है ।इसमें मोदी सरकार के कार्यकाल के 6 साल में ही 329917 करोड़ का विनिवेश हुआ है,जबकि 6 लाख करोड़ का विनिवेश मोनेटाइजेशन पाईपलाईन में प्रस्तावित है ।यानि इस विनिवेश के बाद मोदी कार्यकाल में कुल विनिवेश 929917 करोड़ हो जायेगा। यह समझना उचित ही होगा कि जीवन बीमा निगम की शुरुआत 1956 में मात्र 5 करोड़ की पूंजी से हुई थी,जिसकी आज 38 लाख करोड़ से अधिक मूल्य की संपत्तियां हैं ।एक लाख 14हजार कर्मचारी हैं और जिसका 2668 करोड़ से अधिक शुद्ध मुनाफा है। 2018 में ही उसने सरकार को 2610 करोड़ का डिविडेंट दिया है और उसके बाजार मूल्यांकन में 53214 करोड़ की वृद्धि हुई है ।इसी तरह जनरल इंश्योरेंस कारपोरेशन को 1972 में 52 कंपनियों को राष्ट्रीयकृत कर मात्र 100 करोड़ रुपये से शुरू किया गया था,जिसकी कुल संपत्तियां ही आज एक लाख 16 हजार करोड़ से अधिक है ।इसी तरह वीपीसीएल मुनाफा कमाने वाली कंपनी है ।जीवन बीमा निगम में सरकार की पूरी मालकियत है जबकि जीआईसी में 86 फीसदी ।क्या ये संस्थान देश पर भारी हैं? क्या यह फल देने वाले बृक्षों को काटना नहीं है? सभी जानते हैं कि 1991 में विनिवेश की प्रक्रिया उन परिस्थितियों में शुरू हुई थी जब चंद्रशेखर सरकार को देश का सोना गिरवी रखना पड़ा था ।कोई भी नया ऋण लेने के लिये अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष की शर्तें मानने के लिये भारत को बाध्य होना पड़ा था ।ऐसी परिस्थितियां आज नहीं हैं ।भारत सरकार जब विनिवेश से 6 लाख करोड़ जुटाना चाहती है और उसी काल में वह लालकिले से 110लाख करोड़ की योजनाओं की घोषणा भी कर देती है ।यानि यह स्पष्ट है कि यह विनिवेश किसी वित्तीय दायित्व की पूर्ति के लिये नहीं किया जा रहा प्रतीत होता। न ही विनियोजन के उद्देश्य से। शायद मात्र निजीकरण की अवधारणा की हठधर्मी को पुष्ट करने के लिये ही ऐसा किया जा रहा हो।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं)

## चुनावी आहट से करवट लेती राजनीति

**कोरोना की दूसरी लहर में जिन राज्यों में नदियों में लाशें बहती दिखवायी दीं और नदी किनारे अंत्येष्टियां हुईं, उनमें उत्तर प्रदेश अग्रणी है। इससे भी योगी और भाजपा की साख बेहतर तो हरगिज नहीं हुई। इसी का परिणाम है कि प्रचंड बहुमत से बनी सरकार को अगले साल शुरू में होने वाले चुनाव में कड़ी चुनौती मिलने के आसार नजर आ रहे हैं। बेशक यह चुनौती कितनी कड़ी और कारगर होगी यह इस बात पर निर्भर...**

राजकुमार सिंह

धन बल और बाहु बल के शिकंजे में फंसी हमारी चुनाव प्रणाली अब लोकतंत्र को कितनी प्राण वायु दे पाती है, यह तो बहस और विश्लेषण का विषय है, लेकिन हमारी सत्ता राजनीति को इसी से प्राण वायु मिलती है। चुनाव समाप्त होते ही दूर के दर्शन बन जाने वाले राजनेता चुनावों की आहट के साथ ही मतदाताओं की परिक्रमा शुरू कर देते हैं तो राजनीतिक दल वोट बैंक की गणना। बेशक उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पंजाब में विधानसभा चुनाव अभी लगभग छह महीने दूर हैं, लेकिन पिछले छह महीने से शुरू कवायद बताती है कि जनता का तो पता नहीं, पर राजनीतिक दलों–नेताओं का भविष्य चुनाव परिणामों पर ही टिका है। उत्तराखंड में जो कुछ हुआ, वह कुछ–कुछ दिल्ली की याद दिलाने वाला है। कभी दिल्ली में सत्ता बचाने के लिए भाजपा ने पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले थे। फिर भी चुनाव परिणाम क्या आया, सभी जानते हैं। उत्तर प्रदेश की नेत्री शीला दीक्षित को मुख्यमंत्री बना कर कांग्रेस ने 15 साल तक दिल्ली पर राज किया। उसके बाद सत्ता तो बदली, पर भाजपा के बजाय नवजात आम आदमी पार्टी के हाथ ऐसी गयी कि आसानी से निकलती नहीं दिख रही।

चुनावी राजनीति के कमोबेश वैसे ही दबाव में उत्तराखंड में भाजपा दिल्ली से भी तेज रफ्तार से तीन मुख्यमंत्री बदल चुकी है। लगभग चार साल तक मुख्यमंत्री रहे त्रिवेंद्र सिंह रावत की जगह जिन तीरथ सिंह रावत को मुख्यमंत्री बनाया गया था, वह भाजपा की फजीहत कराने वाले ही ज्यादा साबित हुए। चार माह से भी कम समय में बेआबरू होकर वह तो उत्तराखंड की सत्ता के कूचे से निकल गये, पर इन नेतृत्व परिवर्तनों से भाजपा के दामन पर लगे दाग धोने की चुनौती अब युवा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर है। त्रिवेंद्र भी आलाकमान की पसंद थे और तीरथ भी, और अब धामी भी। मुख्यतरू द्विदलीय राजनीति वाले जिस उत्तराखंड में हर चुनाव में सत्ता परिवर्तन की परंपरा–सी है, वहां इतनी जल्दी मुख्यमंत्री बदल कर भाजपा आलाकमान ने राजनीतिक समझदारी दिखायी होकृऐसा लगता तो नहीं। हां, भाजपा के लिए संतोष की बात यह है कि मुख्य मुकाबला जिस कांग्रेस से है, उसके आलाकमान की राजनीतिक समझदारी और प्रयोगवाद ने पंजाब में खुद अपनी सत्ता को खतरे में डाल दिया है। मुकाबला मुख्य विपक्षी दल आप तथा शिरोमणि अकाली दल–बसपा गठबंधन से है, लेकिन कांग्रेस आलकमान की मेहरबानी से तल्ख सार्वजनिक टकराव कांग्रेसी मुख्यमंत्री कैप्टन अमरेंद्र सिंह और प्रदेश पार्टी अध्यक्ष नवजोत सिंह सिद्धू में हो रहा है। यह अप्रत्याशित नहीं है। सिद्धू को जानने–समझने वालों को इसकी आशंका पहले से थी, पर आलाकमान को उन सिद्धू में ही कांग्रेस का भविष्य नजर आया, जिनका अपने ही कप्तान के विरुद्ध बगावत का जगजाहिर इतिहास है। हालात कुछ ऐसे बन गये हैं कि न निगलते बन रहा है और न ही उगलते। फिर भी सत्ता पक्ष से लेकर विपक्ष तक का दावा है कि उनके एजेंडा पर जनहित और प्रदेश हित ही सर्वोपरि हैं। अब देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की बात करें। देश की सत्ता का रास्ता लंबे समय तक उत्तर प्रदेश से ही निकलता रहा। बेशक वर्ष 2004 से 14 तक मनमोहन सिंह, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की बदहाली के बावजूद प्रधानमंत्री बने, लेकिन वह गठबंधन (संप्रग) राजनीति की बदौलत संभव हुआ। तकनीकी तौर पर नरेंद्र मोदी भी राजग सरकार के प्रधानमंत्री हैं, लेकिन पिछली बार की तरह इस बार भी भाजपा को अकेलेदम लोकसभा में बहुमत प्राप्त है तो उत्तर प्रदेश की ही बदौलत। मोदी का गृह राज्य भले ही गुजरात हो, पर उन्होंने लोकसभा चुनाव उत्तर प्रदेश से ही लड़ा। इसका लाभदायक परिणाम यह निकला कि देश के सबसे बड़े राज्य में तीसरे स्थान पर पहुंची भाजपा ने ऊंची छलांग लगाते हुए न सिर्फ रिकॉर्ड लोकसभा सीटें हासिल कीं, बल्कि दशकों से सत्ता पर काबिज सपा–बसपा को हाशिये पर धकेलते हुए लखनऊ में सरकार भी बनायी। 403 सदस्यीय विधानसभा में भाजपा को 313 सीटें मिलना जितना आश्चर्यजनक था, उससे कम आश्चर्यजनक मुख्यमंत्री का चयन भी नहीं रहा। सामाजिक समीकरण के नाम पर तमाम दावेदार कतार में थे। कुछेक ने तो मीडिया में नाम चलने पर विशेष पूजा–अर्चना भी शुरू कर दी थी, लेकिन सत्ता सिंहासन मिला संन्यासी सांसद योगी आदित्यनाथ को। योगी गोरखपुर से भाजपा सांसद थे। हर चुनाव में आक्रामक लोकप्रिय प्रचारक भी रहे, लेकिन वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री भी बन सकते हैंकृइसका अनुमान भी शायद बड़े–से–बड़े राजनीतिक पंडितों ने नहीं लगाया था। यह अलग बात है कि नाम की घोषणा होने पर इन पंडितों ने योगी को भाजपा का ट्रंप कार्ड साबित करने में देर नहीं लगायी।

मंडल–कमंडल की राजनीति वाले प्रदेश में योगी का राजतिलक बेहद जोखिमभरा दांव था। दल के अंदर सत्ता के दावेदारों की महत्वाकांक्षाएं भी आहत हुई ही होंगी। शायद इसीलिए दो उपमुख्यमंत्री भी बनाने पड़े। तटस्थ भाव से देखें तो कानून व्यवस्था से लेकर बिजली आपूर्ति तक कई क्षेत्रों में सुधार योगी राज में दिखायी पड़े, लेकिन जाति–धर्म के आधार पर राजनीतिकरण से ग्रस्त नौकरशाही से काम लेना किसी के लिए भी आसान नहीं होता। जाहिर है, संन्यासी सांसद से मुख्यमंत्री बने योगी के लिए भी यह आसान नहीं रहा। अपराधियों के खिलाफ सख्ती का दुरुपयोग कर फर्जी मुठभेड़ करने के आरोप सामने आये तो निरंकुश नौकरशाही की कारगुजारियां भी। इसके बावजूद योगी लगभग चार साल का राज निष्कंटक निकाल गये। बयान बहादुर के अलावा विपक्ष भी उन्हें किसी मुद्दे पर कठघरे में खड़ा नहीं कर पाया, न ही कोई जन आंदोलन खड़ा कर पाया, लेकिन कोरोना और किसान आंदोलन की दोहरी परीक्षा में योगी की राजनीतिक समझ और रणनीति, दोनों की सीमाएं उजागर हो गयी हैं। परिणामस्वरूप मतदाताओं द्वारा हाशिये पर धकेल दी गयी सपा–बसपा ही नहीं, उत्तर प्रदेश में लगभग अप्रासंगिक हो चुकी कांग्रेस भी योगी सरकार के विरुद्ध कुछ इस अंदाज में आक्रामक नजर आ रही है, मानो आने वाले चुनाव में सत्ता की दावेदार हो। यह महज दिखावटी परिदृश्य भी नहीं है, वरना उत्तर प्रदेश पिछले कुछ महीने से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और भाजपा के एजेंडा पर सबसे ऊपर नहीं होता। उत्तराखंड में नेतृत्व परिवर्तन के समय ही उत्तर प्रदेश में भी ऐसी सरगर्मियां नजर आयीं, मानो वहां भी भाजपा आलाकमान ने योगी की विदाई का मन बना लिया हो। जाहिर है, चुनाव से पहले सामाजिक समीकरण बिठाने के दबाव में किया जाने वाला वह परिवर्तन भाजपा पर भारी भी पड़ सकता था। योगी का वह संकट तो टल गया, लेकिन कोरोना और किसान आंदोलन से उपजी राजनीतिक–सामाजिक चुनौतियों में भाजपा का चुनावी संकट बरकरार है। ब्राह्मण समुदाय लंबे समय तक उत्तर प्रदेश में सत्ता पर काबिज रहा। भाजपा का परंपरागत समर्थक वर्ग होने के बावजूद सत्ता में अपेक्षित हिस्सेदारी न मिलने से वह खफा है, तो नौ महीने से दिल्ली की दहलीज पर जारी किसान आंदोलन ने उस किसान वर्ग को भी भाजपा से विमुख कर दिया है, जिसने पिछले लोकसभा–विधानसभा चुनावों में मोदी के नाम पर उत्साह से वोट दिया था। कोरोना की दूसरी लहर में जिन राज्यों में नदियों में लाशें बहती दिखायी दीं और नदी किनारे अंत्येष्टियां हुईं, उनमें उत्तर प्रदेश अग्रणी है। इससे भी योगी और भाजपा की साख बेहतर तो हरगिज नहीं हुई।

## बीएसए ने राज्य शिक्षक पुरस्कार से किया सम्मानित

देवरिया । बीएसए संतोष कुमार राय ने कार्यालय में देसही देवरिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय सहवा के सहायक अध्यापक खुर्शीद अहमद को राज्य शिक्षक पुरस्कार प्रदान किया। लखनऊ से आए सम्मान पत्र, अंगवस्त्र, मोमेंटो भेंट किया। खंड शिक्षा अधिकारी ने शिक्षकों को किया गया सम्मानित रामपुर कारखानारू शिक्षक दिवस पर ब्लाक संसाध ान केंद्र परिसर में पांच उत्कृष्ट शिक्षकों को खंड शिक्षा अधि ाकारी विजय पाल नारायण त्रिपाठी ने सम्मानित किया। जिसमें भोला चौधरी, प्रमोद कुशवाहा, अरविद राय, याशीर अफजल, नीलम सिंह शामिल हैं।

## छात्रों को नई सोच व दिशा दें शिक्षकः सूर्य प्रताप शाही

देवरिया। दीनानाथ पांडेय राजकीय महिला पीजी कालेज परिसर में. शिक्षक दिवस पर 75 शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि सभी शिक्षक डा.राधाकृष्णन जैसा बनने का प्रयास करें। उनमें शिक्षक का वह गुण था, जिसके लिए उन्हें 27 बार नोबेल पुरस्कार के लिए नामित किया गया। शिक्षक छात्रों को नई सोच और नई दिशा दें। जिससे बेहतर भारत का निर्माण हो सके। प्रोफेसर अजय कुमार शुक्ला ने कहा कि हमें छात्रों में संस्कार भरने की आवश्यकता है। संस्कार खराब होने से छात्रों का जीवन खराब होता है। आयोजन समिति के सदस्य बीआरडीबीडी पीजी कालेज आश्रम बरहज के प्राचार्य डा.अजय कुमार मिश्र, राजकीय महाविद्यालय इंदूपुर के प्राचार्य डा.उदयभान, डा.वाचस्पति द्विवेदी, डा.महेंद्र विक्रम शाही, डा.विनय कुमार रावत ने संबोधित किया। इस दौरान डा.राखी भारती, डा.भावना सिन्हा, डा. शिशिर कुमार मिश्र, डा.महेश, डा.पंकज कुमार शुक्ल, डा.चंद्रभूषण सिंह, डा.आलोक रंजन, डा.अनुपमा राय, डा.प्रफुल्ल कुमार राय, डा. सुशील तिवारी, ध्रुव नारायण वर्मा, हामिद हाशमी, दिनेश रावत, परमात्मा वर्मा, उमरावती देवी, गीता श्रीवास्तव, रोहित रावत, इंद्रभूषण पांडेय मौजूद रहे।

## तरैना नाले में मिली 75 वर्षीय वृद्ध की लाश

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला, गोरखपुर। गोला थाना क्षेत्र के कोटियां गांव के



दक्षिण तरैना नाले में सुबह ही बृद्ध की लाश देख लोगों ने शोर मचान सुरु कीया तो अगल बगल गांव के लोग भी आने लगे उसी में पहाड़पुर गांव के तिवारीपुर के कुछ लोग आए थे। जिन्होंने उसकी पहचान तिवारीपुर निवासी रामकेश के रुप में की। ग्रामीणों ने इसकी सुचना रामकेश के परिजनों को दी, मोके पर आए परिजनों ने इसकी पुष्टि की। तिवारीपुर निवासी रामकेश उम्र 75 वर्ष शनिवार को सुबह करीब 9 बजे भैस चराने के लिए तरैना उसपार गये थे। बाद दोपहर करीब दो बजे भैस तो घर आ गई लेकिन रामकेर घर नहीं आए साम होने पर परिजन उनकी खोज बीन सुरु कर दी। काफी खोज बीन करने पर कही पता नहीं चला तो सोखा ओझा से भी पता लगाने के लिए प्रयास कीया और रविवार को थाने पर एक तहरीर दे दिए थे। जिसपर पुलिस भी सक्रिय रही। इधर तरैना का पानी कम हो गया था। जिसके चलते तरैना कीनारे मिट्टी में एक लाश चिपकी पड़ी थी। जिसे आज सुबह सौच के लिए उधर गये कोटियां गांव के कुछ ग्रामीणों ने देखा। और शोर मचाया तो वहां अगल बगल के लोग और परिजन भी आ गये। और यहां के ही कीसीने 112 पर सुचना दिया। मौके पर पहुची डायल 112 नम्बर पुलिस और मय फोर्स गोला इंस्पेक्टर मोके पर पहुच कर तहकीकात करने में जूट गये। और साथ ही साथ विसरा को पीएम कराने की तैयारी में जुट गए हैं। रामकेर के चार पुत्र और एक पुत्री है। जो सभी सादी शुदा है। परिजनो की मानें तो सबह 9 बजे के करीब भैस ले कर तरैना उसपार धौसहर चराने गये थे। उसी दरम्यान उनका तरैना में पाव फिसला होगा और डूब गये होंगे।

# शिक्षक दिवस पर सम्मानित किए गए गुरुजन

देवरिया । टाउनहाल परिसर स्थित आडिटोरियम सभागार में उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के तत्वाव्ध ाान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्र के निर्माता सेवानिवृत्त व वरिष्ठ शिक्षक सम्मानित किए गए। मुख्य अतिथि विधायक डा.सत्य प्रकाश मणि ने कहा कि शिक्षक समाज और देश का निर्माता होता है। शिक्षक अपनी भूमिका का निर्वहन कर अच्छे समाज का निर्माण कर रहे हैं। वर्तमान में शिक्षक बनना आसान नहीं है। प्रदेश अध्यक्ष योगेश त्यागी ने कहा कि चाणक्य का धर्म है कि यदि सत्ता अहंकारी हो जाए तो उसे उखाड़ कर फेंक देना चाहिए। शिक्षकों से केवल शिक्षण कार्य लिया जाना चाहिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार राय ने कहा कि शिक्षकों की भूमिका समाज में महत्वपूर्ण है। उनकी समस्याओं का हल करने का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान जिलाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, जिला मंत्री नंदलाल, महाश्रय मिश्र, सुदर्शन कुशवाहा, अशरफ अली, छेदी प्रसाद, सुरेश कुमार सिंह, नरेश कुमार कौशिक, डा.सुरेश कुमार सिंह, अखिलेश मिश्र, विजय नारायण त्रिपाठी, रामजीत सिंह, नवनीत चौबे, नरेंद्र कुमार सिंह, राकेश मणि, डा.हेमंत कुमार शुक्ल आदि मौजूद रहे। नगरपालिका सभागार में उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ के तत्वावधान में शिक्षक दिवस मनाया गया। शिक्षक सम्मानित किए गए। विधायक डा.सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि शिक्षक बच्चों को अच्छी शिक्षा देकर क्षेत्र व देश का नाम रोशन करता है। जिला पंचायत अध्यक्ष गिरीश चंद्र तिवारी ने कहा कि शिक्षक समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं। नपा अध्यक्ष अलका सिंह ने कहा कि गुरु हमेशा पूजनीय हैं। जिलाध्यक्ष हेमा मणि त्रिपाठी ने आभार जताया।

इस मौके पर रामअवध चौरसिया, जफरुल्लाह अंसारी, सुभाष यादव, प्रेम शंकर मिश्र, बचिया देवी, विद्या सागर कुशवाहा, जनक नंदनी, नरसिंह सिंह, इंद्रमणि, शीला मिश्रा, जमीला खातून, मैनुद्दीन अहमद, नंदकिशोर राय, अमला गुप्ता, व्यास दीक्षित, श्रीपति चौरसिया, दिवाकर मिश्र, मीना राय, हरिशंकर राय को सम्मानित किया गया। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी विजय पाल नारायण त्रिपाठी, रिजवानुल्लाह, बृजेश दुबे, फणींद्र मणि, देव शरण सिंह, बृजभूषण गोंड, अतुल कुमार शुक्ल, बाल विनोद शुक्ला आदि मौजूद रहे।

## ईंट भट्ठों पर छापेमारी, शराब की दुकानों की हुई जांच

भाटपाररानी, देवरिया। भाटपाररानी क्षेत्राधिकारी पंचम लाल के नेतृत्व में पुलिस व आबकारी विभाग ने ईंट भट्ठों पर छापेमारी की। क्षेत्र में शराब दुकानों की जांच की। नायब तहसीलदार करन सिंह, आबकारी इंस्पेक्टर श्याम नारायण वर्मा, थानाध्यक्ष खामपार विपिन मलिक के अलावा आबकारी विभाग की टीम ने कतरवा हरदो व निशनिया पैकौली ईंट भट्ठों पर छापेमारी की। इस दौरान एक व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया। टीम ने 40 लीटर कच्ची बरामद किया और कई क्विंटल लहन नष्ट किए। भट्ठियों को तोड़ा। 72 लीटर कच्ची के साथ छह आरोपित गिरफ्तार देवरियारू कच्ची के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत जिले के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस ने 72 लीटर कच्ची व अवैध अंग्रेजी शराब के साथ छह आरोपितों को गिरफ्तार किया। सभी का आबकारी अधिनियम के तहत चालान कर दिया। वांछित गिरफ्तारः देवरिया।तरकुलवा पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रही वांछित आरती देवी पत्नी नागेन्द्र राजभर निवासी कनकपुर थाना तरकुलवा को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। उनके खिलाफ धोखाधड़ी व जालसाजी समेत कई मुकदमे दर्ज हैं। बार–बार सूचना देने के बाद भी कोर्ट में हाजिर नहीं हो रही थी। 27 लोगों का शांति भंग की आशंका में चालानः देवरिया। जिले की पुलिस ने अभियान के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों से 27 लोगों का शांति भंग की आशंका में चालान किया। मारपीट के साथ ही इनके कार्यों से शांति भंग की आशंका थी। 71 वाहनों पर लगाया 66500 रुपये जुर्मानाः देवरिया। पुलिस ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में शातिर अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों, संदिग्ध वाहनों के विरुद्ध चेकिग अभियान चलाया। जिसमें वाहन चेकिग के दौरान 71 वाहनों का ई–चालान किया। उन्हें 66500 रुपये शमन शुल्क जमा करना होगा।

## उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने किया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का सन्देश







नौतनवा/महराजगंज। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा जिलाध्यक्ष संतोष अग्रहरी के नेतृत्व में उनके पदाधि ाकारियों ने थानाध्यक्ष के साथ उनके टीम को सम्मानित किया गया थानाध्यक्ष राजेश कुमार पाण्डेय को भगवान गौतम बुद्ध जी का स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रशस्ति पत्र देकर और साल ओड़ा कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर शुभ नारायण पाण्डे चौकी इंचार्ज ,दुर्गेश कुमार सिंह , गंगाराम यादव संपतिया चौकी इंचार्ज अमित कुमार को हेड कांस्टेबल योगेश्वर पांडेय सभी लोगो को मिठाई खिलाकर मुँह मिठा कराकर सम्मानित किया गया ।अभी कुछ दिन पहले थानाध्यक्ष और उनके टीम द्वारा 16 बाइक बरामद किया गया था और तीन शातिर चोरों को जेल भेजा था जिसमे जिले में सभी लोग नौतनवां पुलिस की सराहना की ।युवा जिला अध्यक्ष ने थाना अध्यक्ष के टीम को बहुत बहुत बध ााई दी और उनके उज्जल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुवे आगे भी आप अपने जिले का नाम रोशन करेंगें ।इस दौरान प्रांतीय संयुक्त महामंत्री सीताराम अग्रहरी , ओम प्रकाश जयसवाल , पंकज श्रीवास्तव, राजीव शर्मा ,हरिशंकर जायसवाल, रमेश चंद्र गुप्ता , संतोष जायसवाल ,अनिल श्रीवास्तव , मनोज अग्रवाल , राजा वर्मा , किशन खेतान , उमाकान्त मद्धेशिया , गणेश मद्धेशिया , बंटी श्रीवास्तव, पंकज जायसवाल ,बद्री प्रसाद अग्रहरी ,अमरिंदर सिंह ,दिनेश वर्मा व संत जायसवाल पदाधिकारी गण और प्रशासन के तमाम पुलिस मैजूद रहे।

## जिला अस्पताल से मिला ग्लूकोज, बाहर की लिखी गई दवा

महराजगंज। जिले में मौसम परिवर्तन के चलते मरीजों के बढ़ने से जिला अस्पताल की व्यवस्था बेहाल है। अस्पताल का नजारा अजीब रहा। इमरजेंसी के पास बरामदे में ही मरीजों का इलाज किया जा रहा था। मरीजों को अस्पताल से ग्लूकोज की बोतल उपलब्ध कराई गई, लेकिन कुछ दवाएं बाहर से लिखी गई, जिससे सरकार के मुफ्त इलाज की आस लेकर आए मरीजों की उम्मीदों पर पानी फिर गया और आर्थिक क्षति भी हुई। श्शचिउटहा निवासी गुड्डू कसौधन ने बताया कि माता कौशिल्या देवी को उल्टी और सांस की दिक्कत थी। अस्पताल लेकर आया तो सिर्फ ग्लूकोज लगाकर छोड़ दिया गया। दवा बाहर से लाना पड़ा। यहां की व्यवस्था संतोषजनक नहीं है। श्शजंगल फरजंदली निवासी सुशीला देवी ने बताया कि पति जयसिंह को पित्त की थैली में पथरी और सूजन से दिक्कत बढ़ गई थी। जिला अस्पताल में भर्ती कराई थी, लेकिन यहां सर्जन नहीं होने से इलाज नहीं हो पा रहा है। अब प्राइवेट में इलाज कराना मजबूरी हो गई है। श्शचौक निवासी मोहन जायसवाल ने बताया कि पत्नी गुड्डी जायसवाल के पेट में दर्द है। अस्पलात में लेकर आए तो डाक्टर ने सूई लगाकर छोड़ दिया। इसके बाद कोई देखने नहीं आया। 550 रुपये का सूई बाहर से खरीदकर लानी पड़ी। श्शलोहिया नगर निवासी अमन विश्वकर्मा ने बताया कि पिता सुखदेव को बुखार और सांस की परेशानी होने पर अस्पताल लेकर आया तो यहां बरामदे में बेड पर डाक्टर ने इलाज शुरू कर दी। इमरजेंसी वार्ड में बेड नहीं उपलब्ध कराया गया। यहां बेड के नीचे ही गंदगी का अंबार है। जिसकी दुर्गंध से यहां रूकना दुश्वार हो गया है। श्शजिला अस्पताल में मरीजों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। जीवनरक्षक लगभग सभी दवाएं मौजूद हैं। बाहर से दवा लिखने के मामले की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## 17 सितंबर को विश्वकर्मा भगवान के पूजा में
### हजारों की संख्या में होंगे शामिलः रघुपति शर्मा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

नौतनवां। नौतनवा में विधानसभा अध्यक्ष रघुपति शर्मा व नगर अध्यक्ष सुरेन्द्र विश्वकर्मा के नेतृत्व में विश्वकर्मा विग्रेड का हुआ बैठक। बैठक में मुख्य अतिथि रहे जिलाध्यक्ष राहुल शर्मा व जिला प्रभारी जितेन्द्र शर्मा का पदाधिकारियों ने फुल माला पहना कर जोरदार स्वागत किया । वही जिलाध्यक्ष राहुल शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहां 17 सितम्बर को लखनऊ में होने वाले विश्वकर्मा भगवान के पूजा में हजारों की संख्या में शामिल होकर अपनी ताकत दिखाए जिससे राष्ट्रीय अध्यक्ष रामआसरे विश्वकर्मा व राष्ट्रीय सचिव लोहिया वाहिनी के चन्दन विश्वकर्मा के हाथों को मजबूत किया जा सके । वही



जिला प्रभारी जितेन्द्र शर्मा ने कहा आज कि बैठक 17 सितम्बर को होने वाले विश्वकर्मा भगवान के पूजा को लेकर किया गया आप सब अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ पहुंचकर भगवान विश्वकर्मा के पूजा में शामिल हो जिससे विश्वकर्मा समाज का ताकत लोग समझे विश्कर्मा समाज भी किसी के पीछे रहने वाला नहीं है विश्वकर्मा समाज अब मन बना लिया है मेरा नेता सिर्फ हम लोगों के बीच का ही होगा जैसे कि राम आसरे विश्वकर्मा जी चंदन विश्वकर्मा जी सौरभ विश्वकर्मा जी यह सब विश्वकर्मा समाज के चमकते हुए सितारे हैं श्री सुरेंद्र विश्वकर्मा नहीं अपने संबोधन में कहा श्री चंदन विश्वकर्मा सौरभ विश्वकर्मा इनके मार्गदर्शक में विश्वकर्मा समाज आज किसी परिचय का मोहताज नहीं है । मुझे गर्व है ऐसे भाई पर जो निरंतर विश्कर्मा समाज के लिए कार्य कर रहा है। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष, रघुपति शर्मा , नगर अध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा, राज शर्मा, सुनील शर्मा, अंगद शर्मा,अंगद विश्वकर्मा, रोहन शर्मा ,सागर विश्वकर्मा, करन विश्वकर्मा, सुनील कुमार, उमेशचन्द्र विश्वकर्मा, राहुल विश्वकर्मा, गोपाल शर्मा ,राधेश्याम शर्मा ,जगजीवन विश्वकर्मा, मुकेश शर्मा, अजय कुमार , सहित समस्त पदाधिकारी गड़ मौजूद रहे।

## समाज का पथ प्रदर्शक होता है शिक्षक

बरहज । शिक्षक दिवस पर बीआरसी सभागार में शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। पूर्व राष्ट्रपति डा.सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। डा.ओम प्रकाश शुक्ल ने कहा कि शिक्षक समाज का पथ प्रदर्शक एवं प्रणेता होता है। वह समाज को दिशा प्रदान करता है। बीईओ लक्ष्मीनारायण ने शिक्षकों से बेहतर कार्य की अपेक्षा के साथ प्रेरक ब्लाक बनाने की अपील की। अध्यक्षता आश्रम पीठाधीश्वर आंजनेय दास ने की। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष अशोक सिंह ने सेवानिवृत शिक्षक माया देवी, रामकृपाल मिश्र, श्रेष्ठ कार्य करने वाले शिक्षक सत्येंद्र कुमार, हृदेश दीक्षित, शालिनी मद्धेशिया, दिनेश यादव, अंजू को सम्मानित किया। संचालन संजीव दुबे ने किया। इस दौरान विक्रम प्रताप राव, जेपी सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्र, दिनेश चंद्र जायसवाल आदि मौजूद रहे। अनंत पीठ आश्रम बरहज में शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# ग्रामीण क्षेत्रों में भी शिक्षकों को किया गया सम्मानित

महराजगंज । शिक्षक दिवस के अवसर पर नगर के साथ ही तहसीलों व ब्लाक मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षकों को सम्मानित किया गया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जन्मदिन भी धूमधाम से मनाया गया। निचलौल संवाददाता के अनुसार स्थानीय विकास खण्ड में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने वाले छह शिक्षकों को खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रदीप कुमार शर्मा द्वारा अंग वस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। शिक्षक बेचई प्रसाद, भूपेन्द्र सिंह, अमित कुमार, रीना गुप्ता तथा ऋचा त्रिपाठी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गड़ौरा व महेन्द्र शुक्ल डोमा कृषक खण्ड इंटर कालेज को सम्मानित किया गया।

इसी क्रम में मनु लॉ कालेज में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि आनन्द दास कबीर मठ मगहर तथा विशिष्ट अतिथि उमाशंकर जायसवाल रहे। कार्यक्रम में मेध ाावी छात्र छात्राओं को सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। सेक्रेड हर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम के दौरान प्रबंधक जीएन त्रिपाठी, उपप्रधानाचार्य साईं शिवम, कौशलेश उपाध्याय, शिक्षक संजीव कुमार मिश्र, गुंजन मिश्र उपस्थित रहे ।

कोठीभार संवाददाता के अनुसार सिसवा ब्लाक के शिक्षक श्वेता सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय सबया, मिथलेश पाल प्राथमिक विद्यालय बरवां कला, ताहिरा प्राथमिक विद्यालय बरवां विद्यापति, सत्यवान दुबे पूर्व माध यमिक विद्यालय शेषपुर, राम केशव दास पूर्व माध्यमिक विद्यालय हरखपुरा, बैजनाथ पूर्व माध्यमिक विद्यालय पिपरा बाजार को उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष सतेंद्र कुमार मिश्र ने किया। मलवरी स्कूल, यूपी पब्लिक स्कूल, शिव नारायण सरस्वती विद्या मंदिर, सरस्वती बाल विधा मंदिर सहित अन्य स्कूलों में शिक्षक दिवस हर्ष के साथ मनाया गया।

झुलनीपुर संवाददाता के अनुसार ग्राम बहुआर स्थित वंश बहादुर इंटर कालेज, रायल माउंट स्कूल व सरस्वती शिशु ज्ञान मंदिर बैठव ललिया में शिक्षक दिवस मनाया गया। विद्यालय में उपस्थित छात्र छात्राओं ने अपने सभी गुरुजनों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी व अपने गुरुजनों से आशीर्वाद लिया। नरेंद्र पटेल, ईश्वर शरण दास, पवन पटेल, सैयद अली, दिनेश शर्मा, मोहम्मद युसूफ शेख, संजय कुमार, धर्मेंद्र पटेल, अनिल कुमार राय, नवनीता पटेल, पूजा पटेल, अंबालिका गुप्ता रहे।

नौतनवा संवाददाता के अनुसार स्थानीय राजीव गांधी कालेज आफ फार्मेसी में शिक्षक दिवस पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य अतिथि चेयरमैन गुड्डू खान ने पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्वपल्ली राध ाकृष्णन व वीणा वादिनि मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस दौरान शिक्षकों को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। कालेज के छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों में नाटक, नृत्य, भाषण की प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। केक काटकर एक दूसरे को हैप्पी टीचर्स डे की बधाई दी गई। मुख्य अतिथि ने गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि जिस तरह कुम्हार गीली मिट्टी को सुंदर बर्तन का आकार देता है,ठीक वैसे ही बच्चों को गुणवान व अच्छे संस्कार शिक्षक की ही देन हैं। शिक्षक के साथ बच्चे का सर्वाधि ाक समय गुजारने के कारण उनके व्यक्तित्व पर गहरा प्रभाव पड़ता है।

कालेज के प्राचार्य शोभाराम साहू ने कहा कि शिक्षक हमें पूरी मेहनत व लगन से पढ़ाते हैं और उनके अंदर की बुराइयों को दूर कर बेहतर इंसान बनने का अहम भूमिका निभाते हैं। प्रभात पांडेय, नितेश सिंह,भलेंदु शुक्ला,कपिलदेव चौरसिया,छाया साहू, सुशील, सुभाष पटेल, नरेंद्र, महबूब आलम,अजीत सिंह,शनी श्रीवास्तव, जितेंद्र प्रसाद आदि उपस्थित रहे। रतनपुर बीआरसी परिसर में शिक्षक दिवस धूमध ाम से मनाया गया। कार्यक्रम में चयनित शिक्षक डा. विनय कुमार सिंह, अभिषेक पांडेय, संयुक्ता सिंह, विदा चौधरी, दिवाकर पांडेय, विनोद कुमार गौतम व मार्कंडेय त्रिपाठी को प्रशस्ति पत्र व अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। पनियरा प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय बीआरसी में भी शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

लक्ष्मीपुर संवाददाता के अनुसार भारत के पूर्व राष्ट्रपति डा. सर्व पल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस लक्ष्मीपुर ब्लाक संसाधन केंद्र पर मनाई गई । मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य रामसेवक जायसवाल ने कहा कि शिक्षक का दर्जा समाज में हमेशा से ही पूजनीय रहा है। उनके योगदान से देश या राष्ट्र के भविष्य का निर्माण होता है। इस उपरांत शिक्षक डा. प्रभुनाथ गुप्त, डा. शर्मिष्ठा सिंह, राजदेव शुक्ल, सुरेंद्र गुप्ता, दयानंद त्रिपाठी एवं अल्पना सिंह को प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। शिक्षक संघ के ध ानप्रकाश त्रिपाठी, हरिश्चंद्र चौध ारी, सुनील चंद्र शुक्ल, जयदयाल प्रजापति, डा. देवेंद्र राव आदि उपस्थित रहे।

परतावल संवाददाता के अनुसार बीआरसी परतावल परिसर में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ ।

जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी राजकिशोर सिंह ने शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्राथमिक विद्यालय पकड़ी दीक्षित के प्रधानाध्यापक हरिलाल यादव को प्रशस्ति पत्र और साल देकर सम्मानित किया। इसके अलावा नागेंद्र सिंह पूर्व माध्यमिक विद्यालय नटवा जंगल और डा. अनामिका को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एआरपी नित्यानंद मिश्र,राम आशीष पटेल,जेडी अंसारी, दिनेश विश्वकर्मा, उत्पलनंदी,डा अनुराध ाा मिश्र आदि शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहीं। फरेंदा संवाददाता के अनुसार जीवन में शिक्षक एक ऐसा व्यक्ति होता है जो अपने ज्ञान और कुशल व्यक्तित्व की बदौलत समाज को बदलता है। उक्त बातें आरटीआई जागरूकता अभियान के अध्यक्ष एवं शिक्षक भीमसेन गौतम ने कृष्णा इंग्लिश क्लासेस गोपालपुर द्वारा आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कही। समारोह को शिक्षक युवराज कुमार, नफीश अहमद , नवीन कुमार सिंह ने भी संबोधित किया। समारोह में मुख्य रूप से मोहम्मद फैजान, सचीन, शिवम, नेहा यादव, मुस्कान अग्रहरी, अर्पिता शर्मा,रम्भा यादव, कुमारी अंशु, अमरजीत यादव ,दिव्या चौरसिया आदि ने अपने विचार व्यक्त किए। कोल्हुई संवाददाता के अनुसार श्रीराम परमहंस बालिका इंटर कालेज कोल्हुई सहित अन्य विद्यालयों में शिक्षक दिवस मनाया गया। माध्यमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिला अध्यक्ष श्रीराम सिंह, सूर्य वीर सिंह, नीलेश कुमार, श्रीराम जायसवाल, डा जितेन्द्र सिंह, प्रशांत चौबे,राम मिलन जायसवाल, विकास उपाध याय,हृदय उपाध्याय, अंगद उपाध याय, अजीजुद्दीन खान आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षक दिवस के अवसर पर टीचर्स क्रिकेट प्रीमीयर लीग प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

सीतापुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर सीतापुर स्पोटर्स क्लब के तत्वाधान में बेसिक टीचर्स क्रिकेट प्रीमीयर लीग 2021 लेदर बॉल प्रतियोगिता के आयोजन का शुभारम्भ एडीएम विनय पाठक द्वारा दीप प्रज्जलित कर किया गया। आज एक मैच बीएसए कार्यालय कर्मचारियों एवं तहसील महोली में कार्यरत बेसिक विभाग के शिक्षकों के मध्य खेला गया। मैच की शुरूआत एडीएम ने बीईओ ऐलिया उमेश गौतम की गेंद पर जबरदस्त शॉट खेलकर की। तहसील महोली ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। एबीएसए कार्यालय की टीम ने निर्धारित 12 ओवर्स में 71 रन 5 विकेट के नुकसान बनाये।

जिसको तहसील महोली ने 9.5 ओवर में 5 विकेट पर ही बना कर जीत लिया। बीएसए कार्यालय की तरफ से उमेश गौतम बी0ई0ओ एलिया ने बेहतरीन गेंदबाजी एवं अजीत कुमार बी0 एस0ए द्वारा जबरदस्त शॉट खेले गये और अपनी क्रिकेट की क्षमता का प्रदर्शन किया। वहीं जिला व्यायाम शिक्षक राज शर्मा ने ओपनिंग करते हुए 7 10 रन एवं उमाकांत के साथ मिलकर बढिया गेंदबाजी कराई। धर्मेंद्र सिंह कप्तान तहसील महोली द्वारा 36 गेंदो पर 48 रन 1 ओवर 4 रन देकर 2 विकेट लिये गये और मैच के मैन ऑफ द मैच चुने गये। स्कोरिंग अमित वर्मा, कॉमेंट्री राकेश कुमार व अभिषेक तिवारी, अम्पायर पवन इटारी व विक्रमजीत रहे। कार्यक्रम के समापन पर क्लब के अध्यक्ष अरविन्द मोहन मिश्र ने सभी आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया और कार्यक्रम को शिक्षक दिवस पर शिक्षा विभाग को समर्पित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार ने पूरे विभाग को शिक्षक दिवस की शुभकामनायें दी और आयोजक मण्डल का धन्यवाद ज्ञापित किया। क्लब के संस्थापक रत्नेश कुमार मिश्र ने बताया यह प्रतियोगिता जनपद के सभी सातों तहसील में कार्यरत शिक्षकों के मध्य आयोजित होगी। आगे के मैच अन्य तहसीलों के मध्य खेंले जायेगें। आयोजन में नवीन श्रीवास्तव, देवेन्द्र निगम, डा. योगेश दीक्षित, एहतिशाम आलम, राजेश मलिक, नित्यानंद, मो. वाइज, मनीष पाण्डेय, इमाम, शिवसागर, श्रीपाल, दीपक वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# वन नेशन वन राशन कार्ड के साथ कोटेदारो का मानदेय व कमीशन दे सरकार

## केक काटकर व काली पट्टी बांधकर विरोध दिवस में मनाया गया मांग महोत्सव

सीतापुर। ऑल इण्डिया फेयरप्राइस शॉप डीलर्स फेडरेशन इकाई नगर सीतापुर द्वारा . कोटेदार विरोध दिवस मनाया गया। इस दौरान कोटेदारों ने इस दिवस को मांग महोत्सव का नाम देते हुए अपनी विभिन्न मांगों को पूरा करने के लिए हाथ में काली पट्टी बांधकर व बैनर आदि लगाकर राशन वितरण का कार्य किया। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश तिवारी व महासचिव अशोक सिंह के नेतृत्व में समस्त सस्ते राशन विक्रेता दुकानों पर कोटेदारों द्वारा मांग महोत्सव में अपनी चार सूत्रीय मांगों से अवगत कराते हुए विरोध जताया। उन्होंने बताया कि उ0प्र0 में कोटेदारों का कमीशन 70 पैसा, जबकि देश के अन्य प्रदेशों में 2 रूपए तक व मानदेय भी लागू करें। साथ ही सरकार जब वन नेशन वन राशन कार्ड लागू कर रही है तो हम सबको मानदेय व कमीशन 300 रूपए दिया जाए। कोटेदारों ने आगे कहा कि उत्तर प्रदेश के कोटेदारों का पूर्व बकाया भाड़ा 2001 से 2015 तक का तुरन्त भुगतान दिया जाए। जबकि उत्तर प्रदेश में सरकार द्वारा माह जून, जुलाई, अगस्त 21 में पैसा जमा कराकर खाद्यान्न निशुल्क वितरण कर अन्न महोतसव मनाया गया। जिसका भुगतान अविलम्ब कराया जाए। कोटेदारों ने बताया कि ई.पास मशीन आन नेट खाद्यान्न वितरण किया जा रहा है तो शासन द्वारा बिक्री रजिस्टर व प्रमाण पत्र बंद किया जाए। इस मौके पर कोटेदार अतुल कुमार गुप्ता, अजय अग्रवाल अज्जू, अरविन्द शुक्ला, अतुल गुप्ता, सहरिश फातिमा आदि ने जहां काली पट्टी बांधकर विरोध जताया। जबकि कुंज बिहारी ने केक काटकर विरोध जताते हुए मांगों के शीघ्र निस्तारण की मांग की।

# शोभा यात्रा के साथ मनाया गया विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस

सीतापुर। विश्व हिंदू परिषद का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रातरू 11 बजे शहर के शहीद पार्क से भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों की संख्या में विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता मौजूद रहे। शोभा यात्रा की अगुवाई वनगढ़ी महंत संतोष दास खाकी ने की। यात्रा में जमकर भगवान श्री राम का जय घोष होता रहा। भव्य शोभायात्रा ट्रांसपोर्ट चौराहा होते हुए अग्रसेन भवन पहुंची। जहां स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे महंत संतोष दास खाकी ने कहा की हम सबका कर्तव्य है कि हम हिंदू धर्म के प्रति अपनी आस्था को बनाए रखें और एकजुट होकर ऐसी अराजक शक्तियों को खत्म करें जो धर्म को कमजोर करना चाहती हैं। इस अवसर पर हनुमान मंदिर मछरेहटा के महंत प्रीतम दास ने कहा की हिंदू धर्म एक ऐसा धर्म है जिसमें हर वर्ग एक समान है हमें नई पीढ़ी को भी अपने धर्म के प्रति इतनी शिक्षा देनी चाहिए कि वह अपने धर्म की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित हो।

इस अवसर पर आशीष शास्त्री, धर्म प्रसार प्रमुख अमित कृष्ण आदि ने भी अपने विचार रखें। इस स्थापना दिवस के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद की कार्यकारिणी का भी गठन हुआ। जिले में रहने वाले कार्यकर्ताओं को प्रांत विभाग का दायित्व मिला। जिसमें विमल मिश्रा को प्रांत धर्माचार्य से प्रमुख, विपुल प्रताप सिंह को विभाग अध्यक्ष, राजेंद्र को विभाग सह मंत्री, कमलेश को संगठन मंत्री, प्रज्ञा सिंह को विभाग संयोजिका बनाया गया। इसी के साथ जिला टोली में नवीन अग्रवाल को जिला अध्यक्ष, प्रदीप सिंह को जिला कार्य अध्यक्ष, त्रिपुरेस को जिला उपाध्यक्ष, रामदयाल, महेश तिवारी जिला मंत्री, उपकार शील शुक्ला, कुमुद सिंह, अनुज भदौरिया, सौरभ अवस्थी, आलोक मिश्रा, जिला सह संयोजक, महंत प्रीतम दास को जिला मठ मंदिर प्रमुख, महंत ऋषि नाथ जिला अर्चक पुरोहित, अमित कृष्ण जिला धर्म प्रसार प्रमुख, उमेश बोक्सा जिला समरसता प्रमुख, प्रज्जवल दीक्षित, जिला कॉलेज विद्यार्थी सं प्रमुख उपस्थित रहे। इसी के साथ वंशीधर पाठक को जिला संरक्षक, सुशील श्रीवास्तव को जिला कोषाध्यक्ष, प्रमोद सिंह को नगर कार्याध्यक्ष, अंकुर गुप्ता को नगर कोषाध्यक्ष, शिवम मिश्रा को नगर उपाध्यक्ष, साहिल ठाकुर को नगर सह संयोजक, पुनीत अवस्थी को महोली उपाध्यक्ष, रत्नेश अवस्थी को एलिया कार्याध्यक्ष, दिलीप अवस्थी को जिला उपाध्यक्ष, रजनीश अवस्थी को नगरसह मंत्री दायित्व दिया गया। इस अवसर पर दायित्व पाने वालों को बधाई दी गई। कार्यक्रम में दायित्व पाने वालों के साथ अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

## प्रधान संघ एलिया के अध्यक्ष बने मानवेन्द्र, सुभाष उपाध्यक्ष व देवेन्द्र बने कोषाध्यक्ष

सीतापुर। जनपद के ब्लाक एलिया में प्रधान संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ। चुनाव कार्यक्रम में 83 प्रधानों व जनसमूह की उपस्थिति में सुभाष चंद्र शुक्ला के नेतृत्व में हुआ। प्रधान संघ का चुनाव सम्पन्न होने के बाद परिणाम में टीकर बहादुरपुर के प्रधान मानवेन्द्र सिंह को अध्यक्ष प्रधान प्रतिनिधि सलेमपुर सुभाष चन्द्र शुक्ला उपाध्यक्ष, प्रधान मुस्तफ ाबाद देवेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष बनाए गए। इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख व पूर्व प्रधान केशवपुर सुरेन्द्र विक्रम सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि मिन्टू सिंह, युवा भाजपा नेता आदर्श शुक्ला, प्रधान जेपी सिंह, अनिल शुक्ला, मनोज राठौर, विजय जायसवाल, मनोज राठौर, अनिल शुक्ला, आदर्श शुक्ला, सुरेन्द्र विक्रम सिंह आदि ग्राम प्रधान व जनमानस मौजूद रहा।

## पुलिस ने किये दो वारंटी गिरफ्तार

बिसवां नगर (सीतापुर) ।पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार वारंटी अभियुक्तों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व लहरपुर क्षेत्राधिकारी के मार्गदर्शन में मानपुर पुलिस ने दी वारंटियों को दबोचा है। थाना प्रभारी मानपुर अवध राज सिंह सेंगर ने बताया उपनिरीक्षक राजबहादुर, हमराही हेड कांस्टेबल बालेन्द्र सिंह, कांस्टेबल रविन्द्र पाल, मनोज कुमार व आशिफ अली के साथ पुलिस टीम ने दविश देकर मोहकम पुरवा निवासी अजय कुमार पुत्र जियालाल व गुरुशेर सिंह पुत्र परमजीत सिंह निवासी न्योराजपुर को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के विरुद्ध विधिक कारवाई कर न्यायालय भेजा जा रहा है।

# नौकरी करने राजस्थान गये दो युवक हुए सड़क हादसे का शिकार, एक की मौत, एक गंभीर

सिधौली (सीतापुर) ।राजस्थान राज्य के दौसा जिले में नौकरी करने गए क्षेत्र के छाजन गाँव निवासी दो युवक सड़क हादसे का शिकार हो गये। जिसमें एक कि मौत हो गयी वहीं दूसरा घायल हो गये।

म्रतक युवक का शव गांव पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। गमगीन माहौल में युवक का अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों के अनुसार मुकेश 18 पुत्र विजय शंकर व शिव शंकर 18 पुत्र मंगलू राजस्थान के जिला दौसा थाना सैथन स्थित मां भगवती सीमेंट फैक्ट्री में कार्य कर रहे थे। किसी कार्य स्व. जा रहे थे तो एक वाहन से उनकी बाइक टकरा गई।

जिससे मुकेश की मौत हो गयी। वही शिव शंकर घायल हो गये। इसे जयपुर के एसएमएस अस्पताल में इलाज चल रहा है। ..म्रतक मुकेश का शव सिधौली के छाजन गाँव पहुँचा। जहां पर गमगीन माहौल में उसका अंतिम संस्कार किया गया। परिजनों का कहना है कि फैक्ट्री संचालक सोनू गर्ग से उन लोगों ने फोन पर बात की और घायल शिव शंकर का इलाज और मृतक को आर्थिक मदद की बात कही तो उनके द्वारा स्पष्ठ मना कर दिया गया। शिव शंकर के परिजनों का कहना है कि वह काफी गरीब है। जिससे घायल पुत्र का इलाज नहीं करवा सकते। उन्होंने राजस्थान सरकार को ट्वीट के मामले की पूरी जानकारी दे दी है। उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि सरकार उनकी समस्या को समझेगी।

# विद्यार्थियों को जीना सिखाता है शिक्षक: कीर्ति सिंह

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वाचल विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में शिक्षक दिवस के अवसर पर उच्च शिक्षा विभाग,उत्तर प्रदेश के निर्देश पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पूर्व कुलपति प्रोफेसर कीर्ति सिंह ने कहा कि मेरा सौभाग्य रहा है कि सेंट्रल पब्लिक स्कूल, बीएचयू में पढ़ाई के दौरान सर्वपल्ली राधाकृष्णन को देखने और खेल प्रतियोगिता में उनके हाथों पुरस्कार पाने का अवसर मिला। तत्कालीन कुलपति के पद पर आसीन राधाकृष्णन को देखकर उनके मन में यह सवाल आया था कि वह कभी उनकी तरह बन पायेंगें कि नहीं? कहा कि राधाकृष्णन मेरे आदर्श रहे है। शिक्षक होना गौरव की बात है। माता– पिता जन्म देते है और शिक्षक जीना सिखाता है। विश्वविद्यालय की कुलपति प्रोफेसर निर्मला एस. मौर्य ने कहा कि शिक्षक कुम्हार होता है जो विद्यार्थी को एक आकार देता है। शिक्षकों को सदैव अपने विद्यार्थियों में सृजन क्षमता को विकसित करते रहना चाहिए। डॉ0 समर बहादुर सिंह, डॉ0 काशी नाथ सिंह ने भी संबोधित किया। विश्वविद्यालय के वित्त अधिकारी संजय राय, कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक बी एन सिंह, डॉ0 राकेश कुमार यादव, रोवर्स रेंजर के समन्वयक डॉ0 जगदेव, खेल कूद परिषद के सचिव डॉ आलोक सिंह,डॉ राजकुमार,डॉ0 संदीप सिंह, डॉ0 मनोज वत्स, डॉ0 सुरजीत यादव,डॉ दिग्विजय सिंह राठौर, आदि शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

## 35 वर्षीय युवक ने देसी तमंचे से खुद को मारी गोली

सकरन (सीतापुर)। थाना सकरन क्षेत्र के कमहरिया महरिया निवासी शैलेंद्र कुमार वर्मा पुत्र खुशीराम वर्मा ने देसी तमंचे से खुद को गोली मार ली। गोली लगने के बाद शैलेंद्र कुमार वर्मा के घर में कोहराम मच गया और पिता खुशीराम आनन–फानन में शैलेंद्र कुमार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सांडा लेकर आए लेकिन डॉक्टर ने शैलेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार शैलेंद्र कुमार वर्मा और उसकी पत्नी के बीच आए दिन झगड़ा लड़ाई होती रहती थी। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार काफी दिनों से शैलेंद्र उदास रहता था और गांव में किसी भी व्यक्ति से बहुत ही कम बोलना और बैठना था। जानकारी के अनुसार शैलेंद्र की पत्नी इस समय अपने मायके में थी इन्हीं सब बातों से शैलेंद्र कुमार खिन्न होकर अपने आप को गोली मार ली। इस संबंध में हल्का नंबर 3 एसआई अवनीश कुमार से जब बात की गई तो उन्होंने बताया की गांव के लोगों के अनुसार पति पत्नी में अच्छे संबंध न होने के कारण शैलेंद्र कुमार ने खुद को गोली मार ली लेकिन कारण अभी पूर्ण रुप से स्पष्ट नहीं हो पाया है। तहकीकात की जा रही है और शव को पोस्टमार्टम कर सव विच्छेदन के लिए मुख्यालय भेजा जा रहा है।

## सीओ बिसवां को प्रार्थना पत्र देकर लगाई गुहार

सकरन (सीतापुर)। थाना सकरन क्षेत्र के टडवा डीह निवासी कृपाल सिंह पुत्र कर्म सिंह ने चोरी की घटना का खुलासा न होने के कारण क्षेत्राधिकारी बिसवां सुशील कुमार को तहरीर देकर चोरी की घटना का खुलासा करवाने और माल बरामद करवाने की गुहार लगाई। जानकारी के अनुसार बीती रात को कृपाल सिंह पुत्र कर्म सिंह के घर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया और चोरों ने लगभग सात लाख का सामान चोरों ने चोरी कर लिया। जिसकी लिखित तहरीर कृपाल सिंह द्वारा सकरन पुलिस को दी गई। लेकिन अभी तक सकरन पुलिस द्वारा चोरी की घटना का खुलासा न होने के कारण कृपाल सिंह ने क्षेत्राधिकारी बिसवां को तहरीर देकर चोरी की घटना का खुलासा करने और माल बरामद करवाने की गुहार लगाई। अब देखना यह है कि सकरन पुलिस चोरी की घटना का खुलासा कर माल बरामदी कर पाती है या नहीं या पीडिघ्त व्यक्ति इसी तरीके से न्याय की आशा में दर. दर भटकता रहेगा यह तो वक्त ही बताएगा।

# जिले में चार चरणों में खोजे जाएंगे टीबी रोगी

जौनपुर। राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में दो सितंबर से सक्रिय टीबी रोगी खोज अभियान की शुरूआत हो चुकी है। यह अभियान 31 अक्टूबर तक चलेगा । इस संबंध में सभी सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के अधीक्षकों, प्रभारी चिकित्साधिकारियों, नगरीय प्राथमिक चिकित्साधिकारियों को पत्र जारी कर दिशा–निर्देश दिये गए हैं। यह जानकारी देते हुए जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राकेश सिंह ने बताया कि विशेष एसीएफ अभियान के तहत चार चरणों में टीबी रोगियों की खोज की जाएगी। प्रथम चरण दो सितंबर से शुरू हो चुका है और छह सितंबर तक चलेगा, जिसमें जिले के सभी मदरसों, वृद्धाश्रम, जिला कारागार और नवोदय विद्यालय में स्क्रीनिंग कर टीबी के लक्षण के आधार पर चिन्हित कर जांच की जा रही है । क्षय उन्मूलन अभियान के जिला कार्यक्रम समन्वयक सलिल यादव ने बताया कि अभियान के तहत तीन सितंबर को राजकीय वृद्धाश्रम में 40 लोगों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें दो संभावित लक्षण वालों के बलगम की जांच की गई और सभी की रिपोर्ट निगेटिव आई। इसके पहले नवोदय विद्यालय मड़ियाहूं में 160 बच्चों तथा 40 शिक्षक कार्य में लगे लोगों की स्क्रीनिंग की गई जिसमें कोई भी संभावित लक्षण वाला नहीं मिला। जिला जेल में 1050 कैदियों की जांच की गई जिसमें खांसी की शिकायत के चलते 14 संभावितों के बलगम जाँच को भेजे गए हैं , जिसकी जांच रिपोर्ट अगले दिन सुबह मिलेगी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष अभी तक 4219 टीबी मरीज मिले हैं और निक्षय पोषण योजना के तहत करीब 95 लाख रुपए का भुगतान किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि दूसरा चरण सात से 16 सितंबर सें 10 दिन तक चलेगा। । तीसरा चरण 17 सितंबर से शुरू होकर 30 सितंबर तक चलेगा । चौथा चरण 01 से 31 अक्टूबर तक चलेगा। इसमें जिले के सभी निजी चिकित्सकों से सम्पर्क कर उनका संवेदीकरण किया जाएगा। साथ ही क्षय रोगियों के बारे में सूचना प्राप्त की जाएगी। 01 सितंबर से 15 अक्टूबर तक पंजीकृत सभी क्षय रोगियों के डीबीटी की प्रथम किस्त का भुगतान तथा पूर्व में पंजीकृत क्षय रोगियों की अवशेष डीबीटी किस्तों का नियमानुसार भुगतान का कार्य किया जाएगा।

# अस्पताल में डेंगू की दवा उपलब्ध रहे

जौनपुर। सचिव, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासनध्नोडल अधिकारी एस. प्रियदर्शी द्वारा डेंगू बुखार के सम्बंध में बैठक की गई। बैठक में उन्होंने निर्देश दिया कि वार्डो में फॉगिंग प्रत्येक तीसरे दिन कराई जानी सुनिश्चित की जाए। नलियों की सफाई प्रतिदिन की जाए, किसी भी जगह जल जमाव की स्थिति न रहे। एन्टी लार्वा का छिड़काव करते रहे। उन्होंने कहा कि जिन नगर पालिकाध्पंचायत में उपकण न हो वहाँ खरीद लिए जाए। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया कि वार्डो में टीम बनाकर घर–घर सर्वे कराएं। अस्पताल में डेंगू की दवा उपलब्ध रहे। सीएचसी में डेंगू मरीजो के लिए दस–दस बेड तैयार किए जाएं। उन्होंने कहा कि जनपद मुख्यालय पर कंट्रोल रूम की स्थापना कर ली जाए। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी जी. एस. बी लक्ष्मी, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी राम दरश यादव सहित समस्त अधिशासी अधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार से 105 सम्मानित

जौनपुर। शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह में किया गया । सम्मान समारोह में जनपद में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 105 शिक्षकों को के साथ राज्य शिक्षक सम्मान पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका डॉ0 विभा शुक्ल को शासन द्वारा प्राप्त पगड़ी एवं अंगवस्त्रम देकर नोडल अधिकारी जीएस प्रियदर्शी के द्वारा सम्मानित किया गया। नोडल अधिकारी ने कहा कि गुरुजनों का सम्मान करना अपने आप में बड़ा ही पावन कार्य होता है । उन्होंने कहा कि पिछले डेढ़ सालों से कोरोना के कारण अभूतपूर्व स्थिति से जूझ रहे हैं, बच्चों के स्कूल लंबे समय से बंद थे, जिसके कारण बच्चों के मन में क्लास के प्रति अरुचि की स्थिति आ जाती है, जिसमें शिक्षकों का कार्य और बढ़ जाता है । शिक्षकों को सम्मानित करते हुए मुख्य विकास अधिकारी अनुपम शुक्ला ने कहा कि शिक्षक ही एक अच्छे समाज की नींव डालते हैं, उन्होंने कहा कि सभी लोग सभी लोग इसी प्रकार अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करते हुए जनपद का नाम रोशन करें । जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शिक्षको को सम्मानित करते हुए उनके उत्कृष्ट योगदान को प्रेरणा दायक बताया। कोरोना काल मे इनके द्वारा किये गए कार्यो को अभूतपूर्व बताया। अन्य शिक्षको को प्रेरणा लेते हुए बढ़ चढ़ कर योगदान करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन एआर पी सुशील उपाध्याय तथा मिशन शक्ति अवार्डी प्रीति श्रीवास्तव ने किया। आयोजन जिला समन्वयक प्रशिक्षण सुरेश पांडे, जिला समन्वयक सामुदायिक सहभागिता आशीष श्रीवास्तव एवं समस्त एस आर जी, ए आर पी द्वारा किया गया। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी जयकुमार, सुनील कुमार, राजीव यादव, शशांक सिंह , जिला प्राथमिक शिक्षक संघ अमित सिंह, एआर पी राजू, राजेश सिंह, मुकेश सिंह, आशीष श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहा कायस्थ समाज

जौनपुर । कायस्थ महासभा आपके द्वार कार्यक्रम . उर्दू बाजार में महासभा के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव के आवास पर जिलाध्यक्ष नीलमणी श्रीवास्तव के अध्यक्षता में हुआ। संचालन महासचिव राजेश श्रीवास्तव बच्चा भइया ने किया। मुख्य अतिथि राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव ने सर्वप्रथम भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा पर दीपप्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि भगवान चित्रगुप्त ही संसार का लेखा जोखा रखते हैं जो पूजनीय हैं। कायस्थ समाज ने हमेशा देश को राष्ट्रपति प्रधानमंत्री सहित अनेक मुख्यमंत्री व मंत्री दिया है जिन्होंने देश व प्रदेश की सेवा किया है कायस्थ समाज राष्ट्रहित के लिए समर्पित रहा है जो सराहनीय कार्य हैं। प्रान्तीय महासचिव रवि श्रीवास्तव ने कहा कि कायस्थ समाज के जो लोग भी किसी भी क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे उनका सम्मान किया जायेगा। प्रान्तीय सचिव श्रीकांत श्रीवास्तव ने कहा कि जल्द ही एक विशाल कायस्थ सम्मेलन आयोजित किया जायेगा कोरोना काल में समाजहित में कार्य करने में नगर अध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव बच्चा सिपाह को कोरोना योद्धा से सम्मानित व कायस्थ महासभा महिला शाखा में जिला उपाध्यक्ष बनने पर प्रियंका श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया व भाजपा महिला मोर्चा में मंत्री बनने पर प्रियंका श्रीवास्तव को व जिला कार्यसमिति सदस्य बनने पर संगीता श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया । शशि श्रीवास्तव गुड्डू पंकज सिन्हा शरद श्रीवास्तव , अंकित श्रीवास्तव पत्रकार विश्व प्रकाश श्रीवास्तव , डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव हरीश चंद्र श्रीवास्तव आशुतोष श्रीवास्तव सुलभ श्रीवास्तव, प्रियंका श्रीवास्तव पंकज जौहरी दिनेश श्रीवास्तव मनीष श्रीवास्तव राहुल सिन्हा, आदि मौजूद रहे।

# नकली शराब बिक्री नही होनी चाहिए

जौनपुर। सचिव, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश शासनध्नोडल अधिकारी की अध्यक्षता में विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गयी। कर–करेत्तर की समीक्षा के दौरान नोडल अधिकारी ने निर्देश दिया कि किसी भी दशा में जनपद में नकली शराब बिक्री नही होनी चाहिए। नोडल अधिकारी द्वारा व्यापार कर, परिवहन, स्टांप, विद्युत नगरपालिका की समीक्षा करते हुए लक्ष्य शत–प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश नोडल अधिकारी द्वारा दिया गया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक वसूली कर लक्ष्य की पूर्ति करें। जनपद के 72 गांव में चकबंदी प्रक्रिया भी चल रही है जिनमें से 26 गांव में स्टे लगा है,विवादित गांव की संख्या 16 है। नोडल अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि ऐसे गांव जिनमें स्टे लगा है वहां के लेखपाल को जनपद मुख्यालय अटैच किया जाए और जिन गांव में चकबंदी प्रक्रिया चल रही है, टीम लगाकर जल्द से जल्द चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण कराई जाए। नोडल अधिकारी के द्वारा विद्युत विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा की गई जिसमें उपनिदेशक कृषि को निर्देश दिया कि जिन कृषकों के खाते में त्रुटि वस पैसा नहीं जा रहा है उसे भी ठीक कराने का कार्य किया जाए।

हिन्दी दैनिक
बुद्ध का संदेश
समाचार पत्र
स्वत्वाधिकारी प्रकाशन एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स, ज्योतीनगर निकट हीरो एजेन्सी, मधुकरपुर, जिला–सिद्धार्थनगर–272207 उ.प्र. से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं0– UPHIN/2012/49458
संस्थापकः– स्व0 श्री के.सी. शर्मा | प्रधान सम्पादकः– राजेश शर्मा
8795951917, 9453824459
सभी विवादों का न्यायक्षेत्र जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय ही मान्य होगा
ई–न्यूज पेपरः– www.budhakasandesh.com
E-Mail ID:. budhakasandeshnews@gmail.com



# प्रेग्नेंसी से जुड़ा हैं बच्चों के ज्यादा बुद्धिमान होने का राज, शोध में वैज्ञानिकों बताई वजह

विटामिन डी महत्वपूर्ण पोषक तत्व है और शरीर के सुचारू रूप से कार्य करने के लिए जरूरी है। मां का विटामिन डी गर्भाशय में उसके बच्चे तक पहुंचता है और मष्तिस्क के विकास समेत क्रियाओं को नियंत्रित करने में मदद करता है। जर्नल ऑफ न्यूट्रिशन में प्रकाशित एक शोध से पता चला है कि प्रेग्नेंसी के दौरान मां के विटामिन डी लेवल का संबंध उसके बच्चे की बुद्धि (आईक्यू) से है।

वैज्ञानिकों का कहना है कि प्रेग्नेंसी में ज्यादा विटामिन डी लेवल मष्तिस्क के विकास में सहायक है और बच्चे की बुद्धि को बढ़ा सकता है। इसका मतलब हुआ कि प्रेग्नेंसी के दौरान विटामिन डी का लेवल जितना ज्यादा होगा, उतना ही बच्चों की बुद्धि में बढ़ोतरी की संभावना होगी। शोध में इस बात पर भी रोशनी डाली गई है कि विटामिन डी की कमी सामान्य आबादी के अलावा गर्भवती महिलाओं में आम है। लेकिन काले रंग की महिलाओं को ज्यादा खतरा है क्योंकि स्किन के प्राकृतिक रंगद्रव्य (मेलानिन पिगमेंट) विटामिन के उत्पादन को घटा देता है।

माना जाता है कि मेलानिन पिगमेंट सूरज की अल्ट्रावायलेट किरणों से स्किन की रक्षा करता है। शोध के मुताबिक, काली गर्भवती महिलाओं में विटामिन डी के लेवल में स्पष्ट रूप से ज्यादा कमी देखी गई। वैज्ञानिकों ने 46 फीसद गर्भवती महिलाओं में विटामिन डी की कमी का पता लगाया गया खासकर काली महिलाओं में समस्या ज्यादा आम पाई गई।

बुद्धि से संबंधित कई फैक्टर को मद्देनजर रखते हुए वैज्ञानिकों ने पाया कि प्रेग्नेंसी के दौरान महिलाओं में विटामिन डी का ज्यादा लेवल और 4–6 साल की उम्र के बच्चों में ज्यादा बुद्धि के बीच संबंध मौजूद है। हालांकि, इस तरह के विश्लेषणात्मक अध्ययन से वजह को साबित नहीं किया जा सका मगर भविष्य में नतीजे के महत्वपूर्ण अर्थ होंगे और बड़े पैमाने पर शोध करना होगा। उन्होंने बताया कि विटामिन डी की कमी पर काबू पाना संभव है और इसका सबसे आसान हल सप्लीमेंट्स का इस्तेमाल है। इसके अलावा, मछली, अंडे और फोर्टिफाइड मिल्क से भी विटामिन डी को शरीर का हिस्सा बनाया जा सकता है। लेकिन गर्भावस्था के दौरान विटामिन डी की आदर्श मात्रा पर और शोध किए जाने की जरूरत है।

## पौलोमी दास परदे पर निभाने जा रहीं बाइसेक्सुअल किरदार

अभिनेत्री पौलोमी दास वेब शो है तौबा 3 में मुख्य भूमिका में हैं। पहले दो सीजन 2021 की पहली छमाही में रिलीज किए गए थे। बारिश, पौराशपुर और बेकाबू जैसे तीन शो का हिस्सा बनने



के बाद, पौलोमी नया किरदार करने जा रही हैं, क्योंकि उन्होंने पहले कभी ऐसी भूमिका नहीं निभाई है। कार्तिक पूर्णिमा की अभिनेत्री ने कहा, मेरे लिए, केसर वह है जो इस निष्कर्ष की तलाश में है कि उसे अपने जीवन में नहीं मिल रहा है। वह एक पुराने स्कूल की लड़की है जो प्रतिबद्धता की तलाश में आज के समय में फंस गई है। हालांकि, वह आज की लड़की है। पौलोमी पहली बार पर्दे पर बाइसेक्सुअल किरदार निभाएंगी। उसने यह भी खुलासा किया, वह एक लड़के के साथ रिश्ते में है लेकिन एक लड़की से प्यार करती है। इसलिए, कहानी आत्म–खोज के बारे में है। कैसे चीजें उसके लिए कड़वी हो जाती हैं और उसके रिश्तों की गतिशीलता को बदल देती है। है तौबा 3 कहानियों का एक संग्रह है, जिसे दो अध्यायों में बांटा गया है। पहला पार्ट 6 मई को प्रसारित हुआ, दूसरा 21 मई को और इन सभी कहानियों में प्रेम की एक सामान्य भावना थी जो गैर–अनुरूपतावादी है।

सीजन 3 सामाजिक वर्जनाओं को तोडने वाली महिलाओं के बारे में है। इस बार महिलाएं अपने उबाऊ वैवाहिक जीवन से बाहर निकलकर यथास्थिति को चुनौती देंगी और अपने व्यक्तित्व का पता लगाएंगी। है तौबा 3 जल्द ही ऑल्ट बालाजी पर स्ट्रीम होगी।




## महेश बाबू और टाइगर श्रॉफ विज्ञापन फिल्म के लिए साझा करेंगे स्क्रीन स्पेस





दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार महेश बाबू की लोकप्रियता पूरे देश में है। यही वजह है कि उनकी बहुत बड़ी फैन फॉलोइंग है। हाल में खबर सामने आई थी कि महेश बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता रणवीर सिंह के साथ एक विज्ञापन के लिए स्क्रीन स्पेस शेयर करेंगे। अब जानकारी सामने आ रही है कि वह बॉलीवुड के उभरते हुए अभिनेता टाइगर श्रॉफ के साथ एक विज्ञापन फिल्म में दिखने वाले हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टाइगर एक माउथ फ्रेशनर प्रोडक्ट के विज्ञापन में साउथ स्टार महेश के साथ नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि महेश और टाइगर ने इस विज्ञापन फिल्म के लिए पहले ही शूटिंग पूरी कर ली है। खबरों की मानें तो बहुत जल्द यह विज्ञापन रिलीज होने वाला है। पान बहार इलाइची नामक माउथ फ्रेशनर ब्रांड ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर दोनों अभिनेताओं का लुक साझा किया है।

पान बहार ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, दो पसंदीदा चेहरे और आपका पसंदीदा ब्रांड। पहचानिए कौन? जानिए पान बहार इलाइची के दो नए ब्रांड एंबेसडर के नाम। जल्दी करें और अद्भुत उपहार वाउचर प्राप्त करें। समय समाप्त हो रहा है। साथ ही पान बहार ने अपने विज्ञापन का एक क्लिप शेयर किया है, जिसमें दोनों अभिनेताओं की झलक देखने को मिली है। हालांकि, टाइगर और महेश का चेहरा साफ तौर पर नहीं दिख रहा है।

टाइगर फिल्म बागी 4 को लेकर चर्चा में हैं। इसमें उनके साथ सारा अली खान नजर आ सकती हैं। हीरोपंती 2 की शूटिंग पूरी करने के बाद ही टाइगर इस फिल्म की शूटिंग शुरू करेंगे। बागी सीरीज की पिछली सभी फिल्मों में टाइगर दर्शकों की कसौटी पर खरे उतरे थे। टाइगर आने वाले दिनों में फिल्म गणपत में दिखेंगे। इस फिल्म का निर्देशन विकास बहल कर रहे हैं। इस फिल्म में उनके साथ कृति सेनन नजर आएंगी।

भारत एने नेनु और महर्षि फेम महेश बाबू इन दिनों अपनी फिल्म सरकारू वारी पाटा की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की शूटिंग का एक शेड्यूल हाल ही में दुबई में खत्म हुआ है। वह बायोग्राफिकल एक्शन फिल्म मेजर को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म से वह बतौर निर्माता जुड़े हैं। अदिवी शेष इसमें मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। यह फिल्म 2008 में हुए मुंबई हमले में शहीद मेजर संदीप उन्नीकृष्णन के जीवन पर आधारित है।



## पायल घोष ने अपनी स्पोर्ट्स फिल्म के लिए आमेर कामरा से प्रशिक्षण लिया

अभिनेत्री पायल घोष आगामी बॉलीवुड फिल्म में एक खिलाड़ी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। इस रोल के लिए मशहूर ट्रेनर आमेर कामरा उन्हें ट्रेनिंग दे रहे हैं। पायल घोष के नाम पटेल की पंजाबी शादी, फ्रीडम जैसी बॉलीवुड फिल्में और कुछ तमिल फिल्में हैं।

एथलीट आमेर द्वारा निर्देशित होने के अपने अनुभव को साझा करते हुए, उन्होंने कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि आमेर स्टंट करने में मेरी सबसे अच्छी मदद कर रहा है। मैं अपनी फिल्म के लिए काफी कुछ सीख रही हूं। यह जीवन भर का अनुभव होने वाला है।

अपनी आगामी अनटाइटल्ड स्पोर्ट्स फिल्म के बारे में बात करते हुए, उन्होंने खुलासा किया कि फिल्म एक बायोपिक नहीं है, यह एक लड़की की कहानी है जो खेल का आनंद लेती है लेकिन उसका परिवार उसे शादी करने और परिवार शुरू करने के लिए मजबूर करता है। फिल्म उसके खेल के लिए प्यार, करियर और उसका परिवार के बीच चल रहे संघर्ष के बारे में है।

आमेर एक वास्तविक जीवन के एथलीट और बॉडी बिल्डर हैं जिन्होंने कई मशहूर हस्तियों को प्रशिक्षित किया है। वह फिल्म के लिए पायल का मार्गदर्शन करने के बारे में विस्तार से बताते हैं कि पायल स्क्रीन पर राज करने जा रही है क्योंकि वह ऊर्जा से भरपूर है। वह अपना सर्वश्रेष्ठ करती है। वह वास्तव में एक वास्तविक जीवन की एथलीट हो सकती है। लोग उसे लंबी छलांग लगाते हुए, डंडे पर चढ़ते हुए देखेंगे। कुल मिलाकर दर्शकों को एक अलग पायल देखने को मिलेगी। पायल की अपकमिंग फिल्म रेड है, जो एक रोमांटिक थ्रिलर है।

## फलों का सेवन करते समय कभी ना करें ऐसी गलती, नहीं तो पहुँचा सकते है नुकसान



व्यक्ति को अच्छे स्वास्थ्य और स्वस्थ जीवन के लिए पोषण युक्त आहार की बहुत जरूरत पड़ती हैं। इसके लिए सभी के द्वारा सलाह दी जाती है फलों के सेवन की। क्योंकि फलों में सभी प्रकार के पोषण तत्व मौजूद होते हैं। इस प्रकार से देखा जाए तो सेहतमंद रहने के लिए हमें फलों का सेवन करना चाहिए। लेकिन क्या आप जानते हैं कि अगर फलों का सेवन सही तरीके से ना किया जाए तो यह फायदा करने की जगह नुकसान पहुंचाते हैं। इसलिए आज हम आपको बताने जा रहे हैं कि कौन से फल को खाने का क्या तरीका है। सेबः सेब एक अच्छा फल माना जाता है। इसमें आपको प्रचुर मात्रा में प्रोटीन तथा मिनरल्स मिलते हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें कोलेस्ट्रॉल नहीं पाया जाता। आपको यदि सेब का पूरा फायदा लेना है तो आप इसको बिना छीले ही खाना चाहिए। संतराः यह विटामिन ए, सी, मिनरल्स, सोडियम, फॉस्फोरस तथा कैल्शियम का बड़ा स्त्रोत्र माना जाता है। यह आपके बालों तथा स्किन के लिए बहुत लाभकारी होता है। इसका सेवन करने के लिए आप इसको हमेशा दिन में ही खाएं। इसको आप कभी सुबह के समय या रात में न खाएं। आमः आम को फलों का राजा कहा जाता है। इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन बी–6, विटामिन ए, फाइबर, विटामिन सी जैसे तत्व प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं जो हमारे शरीर के लिए बहुत उपयोगी होते हैं। यदि आप आम का सेवन करते हैं तो इस बात का ध्यान रखें की इसकी तासीर गर्म होती है अतरू दूध के साथ इसका सेवन कभी न करें।

नारियलः इसमें भरपूर मात्रा में विटामिन, फाइबर, कैल्शियम जैसे तत्व पाए जाते हैं। इसमें कोलेस्ट्रॉल तथा वसा नहीं होती हैं। अतरू यह आपको मोटापे से बचाता है। सुबह के समय इसका सेवन अधिक अच्छा माना जाता है लेकिन ध्यान रखें कि आप खाली पेट इसका सेवन न करें।